श्रावण शुक्ल पक्ष-10, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 55 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

भोपाल
14 अगस्त 2024 बुधवार

आज का मौसम
31 अधिकतम
24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page- 7

# 140 साल पुराना बांध टूटा, मुरैना में कारम जैसा हादसा टला

## कई गांव डूबे, फसलें खराब हुईं, अमला सक्रिय



**मुरैना/भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दो साल पहले धार जिले के कारम बांध की तरह मुरैना में भी तालाब( बांध) फूटने से पानी का जबर्दस्त सैलाब आ गया। यह सबलगढ़ तहसील से तीन किमी दूर स्थित टोंगा पंचायत का मामला है। गांव में रिजर्व डैम के फूटने के बाद दहशत है। इस डैम से पानी लगातार बह रहा है। खबरों के मुताबिक कल तक जो दरार करीब पंद्रह इंच की थी वह 20 फीट तक हो गई। यहां के चार गांव डूब चुके हैं, 20 गांवों में खतरा मंडरा रहा है। फसले भी खराब हो गई हैं। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि समय रहते उठाए गए कदमों से बड़ी हानि टल गई है।

**गुना-सागर में आज तेज बरसात :** उधर साइक्लोनिक सर्कुलेशन और मानसून ट्रफ की एक्टिविटी होने से मध्यप्रदेश में अगले 24 घंटे में कहीं तेज, तो कहीं हल्की बारिश होगी। गुना, सागर समेत 7 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक, 15 अगस्त से मौजूदा सिस्टम कमजोर हो जाएंगे।

### गंगा खतरे के निशान से ऊपर

उधर बिहार में तेज बारिश के कारण गंगा, गंडक और कोसी नदियां उफान पर हैं। नदियों के किनारे बसे कई इलाकों में बाढ़ का खतरा है। बांका में मंगलवार रात बिजली गिरने 3 लोगों की मौत हो गई। उप्र में तेज बारिश के कारण 15 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। वाराणसी में 50 घाट गंगा में समा चुके हैं। कानपुर में गंगा खतरे के निशान को पार कर गई है। हिमाचल प्रदेश में बारिश और लैंडस्लाइड के चलते 213 सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग ने 22 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। राजस्थान के करौली में बाढ़ जैसे हालात हैं। प्रदेश में भारी बारिश से 3 दिन में 28 लोगों की मौत हो चुकी है।

## आज मप्र के 7 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट



### स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में सीएम के संबोधन पर नजरें

# मप्र में रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती अभियान का हो सकता है ऐलान, विभागों ने जुटाया ब्योरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य सरकार इस वक्त तिरंगा यात्रा के रंग में सराबोर है। आज सुबह राजधानी के कोलार रोड स्थित मदर टेरेसा स्कूल से संत हिरदाराम नगर ( बैरागढ़ ) तक करीब 30 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा शुरू हुई है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने यात्रा को हरी झंडी दिखाई और यात्रा में भी शामिल हो गए। वे कल भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती की घोषणा कर सकते हैं। सूत्र बताते हैं सभी विभागों से रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रस्ताव वित्त विभाग की अनुमति से कर्मचारी चयन मंडल और राज्य लोक सेवा आयोग को भेजने के लिए कहा गया है। मप्र में डेढ़ लाख से अधिक पद विभिन्न विभाग और जिला संवर्गों में रिक्त बताए जा रहे हैं। कई बैकलॉग पद भी खाली है। स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री सरकारी पदों पर भर्ती के साथ स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की घोषणा कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अखंड भारत संकल्प के साथ तिरंगा यात्रा पूरे प्रदेश में निकल रही हैं। आज कोलार से निकली यात्रा के रास्ते में करीब 500 स्वागत मंच सजे हैं। जहां से तिरंगा यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा के चलते ट्रैफिक रूट डायवर्ट किया गया है।

### 30 किमी लंबी तिरंगा यात्रा को दिखाई हरी झंडी, ली सेल्फी



कोलार से संत नगर तक लगभग 30 किलोमीटर मार्ग पर 500 से अधिक स्वागत मंचों के माध्यम से नागरिक तिरंगा यात्रा का स्वागत करेंगे। कोलार से संत नगर तक होर्डिंग बैनर पोस्टरों, तिरंगों से पूरा तिरंगा यात्रा मार्ग को सजाया गया है।

यह यात्रा मदर टेरेसा स्कूल से शुरू होकर सेमरी जोड़, गेहूंखेड़ा, बीमाकुंज, मंदाकिनी चौराहा, सर्व-धर्म ब्रिज, चूना भट्टी चौराहा, कोलार रेस्ट हाउस, मैनिट चौराहा, माता मंदिर, अटल पथ, रोशनपुरा चौराहा, पॉलीटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, वीआईपी रोड, खानूगांव चौराहा, लालघाटी चौराहा, हलालपुर बस स्टैंड, चंचल चौराहा, कालिका चौराहा होते हुए बैरागढ़ से आगे भैंसाखेड़ी कृषि उपज मंडी पहुंचेंगी।

### पूरे प्रदेश में सतर्कता

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का मुख्य आयोजन लाल परेड मैदान पर किया जाएगा। सुबह 6 बजे से आवश्यकतानुसार प्रवेश, पार्किंग एवं डायवर्सन व्यवस्था ट्रैफिक पुलिस ने बनाई है, जिसमें रोशन पुरा चौराहा से गांधी पार्क, लाल परेड मैदान की ओर, डीबी मॉल तिराहे से जेल रोड, लाल परेड मैदान की ओर, लिली चौराहे से जहांगीरबाद, लाल परेड मैदान आदि पर पर यातायात दबाव रहेगा। उधर रेलमंडल के समस्त स्टेशनों से बुकिंग सेवा को दोदिन सुरक्षा के चलते बंद कर दिया गया है। वहीं शहरों में भी पुलिस की गश्त बढा दी गई है और बस स्टेंड व रेल्वे स्टेशनों पर कडी नजर रखी जा रही है।

## वायनाड में 401 मानवअंगों का डीएनए, 248 की शिनाख्त



**वायनाड, एजेंसी।**

पिछले दिनों केरल के वायनाड के लैंडस्लाइड प्रभावित इलाकों से अब तक मिलीं 401 लाश व मानवअंगो का डीएनए टेस्ट किया जा चुका है। सेना, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, फायर एंड रेस्क्यू सर्विस और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट समेत कई वॉलंटियर्स ने 349 बॉडी पार्ट रिकवर किए थे। डीएनए के बाद पता चला है कि ये अंग 248 लोगों के थे। इनमें से 121 पुरुष और 127 महिलाएं थीं। वायनाड में 29-30 जुलाई देर रात मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में लैंडस्लाइड हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गईं।

## पेरिस ओलंपिक एथलीट का हार के बाद भी चल रहा जादू

**पेरिस , एजेंसी।**

हाल में पेरिस ओलंपिक में मेडल अपने नाम करने वाले खिलाड़ी तो सुर्खियां बटोर ही रहे हैं, लेकिन अब एक ऐसी महिला एथलीट भी चर्चा में है जिसे हारने के बाद भी लाइमलाइट मिल रही है। इसे दुनिया की सबसे सुंदर महिला एथलीटों में शुमार किया जा रहा है। यह हसीना अपने नीली आंखों से सबको दीवाना बना रही है। जर्मनी की यह एथलीट एलिसा श्मिट ने ओलंपिक में 4 ङ्ग 400 मीटर रिले रेस में भाग लिया था। जिसमें वो मेडल से चूक गई और 7वें स्थान पर आई। लेकिन, इसके बाद भी उनका क्रेज ओलंपिक खत्म होने के बाद भी बढ गया है। खेलों के दौरान जिसने भी एलिसा को देखा, वो उनकी खूबसूरती का कायल हो गया।



## राज्यसभा चुनाव: सिंधिया की सीट पर सस्पेंस, नामांकन प्रक्रिया शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में राज्यसभा की एक रिक्त सीट के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है।मप्र में राज्यसभा सांसद के एक पद के लिए नामांकन भरा जाएगा। यह पद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद दिए गए इस्तीफे से रिक्त हुआ है। अब एक साल के लिए बचे कार्यकाल के लिए नाम तय कर नामांकन दाखिल कराया जाएगा। यह सीट भाजपा के खाते में जाने की संभावना है हालांकि अभी भाजपा ने उम्मीदवार तय नहीं किया है।



चुनाव प्रक्रिया के तहत 26 अगस्त तक नाम वापसी तथा 3 सितंबर को सुबह 9 से मतदान कराया जाएगा। परिणाम की घोषणा भी इसी दिन की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मुताबिक मप्र सहित 9 राज्यों में होने वाले राज्यसभा निर्वाचन के लिए 7 अगस्त को अधिसूचना जारी की गईथी।

## बांग्लादेश में इतनी हैवानियत कि थरूर से रहा नहीं गया, यूनुस को दी सीधी चेतावनी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

बांग्लादेश की सत्ता अब मजहबी शख्सियतों के हाथों में हैं। हालांकि मुहम्मद यूनुस को मुखौटा बनाकर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि बांग्लादेश में उदार व्यवस्था कायम हुई है। यूनुस नोबेल पुरस्कार विजेता हैं और खुद को लोकतंत्र का पुजारी बताते हैं, लेकिन उनकी नाक के नीचे न केवल हिंदुओं पर अमानवीय अत्याचार हुए बल्कि भारत-बांग्लादेश की दोस्ती के सभी स्मृति चिन्हों को भी ध्वस्त कर दिया गया। कांग्रेस के लोकसभा सांसद और कूटनीति के जानकार शशि थरूर ने 'मुंह में राम, बगल में छूरी' की इस नीति को बड़ी बारीकी से उजागर किया है। थरूर ने साफ कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि बांग्लादेश, भारत के साथ दोस्ती के सारे निशान मिटा दे और भारत के लोग चुपचाप देखते रहें। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और उनमें भी खासकर हिंदुओं को जिस तरह निशाना बनाया जा रहा है, वह काफी हृदयविदारक है। थरूर ने यहां तक कहा कि बांग्लादेश में ये सब चलता रहा तो इसका भारत में गहरा असर देखने को मिल सकता है। थरूर ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा कि सोचिए कि किस तरह आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ छात्रों के विरोध को लोकतांत्रिक आंदोलन का नाम दिया गया और आज यह अराजकता, हिंसा और सांप्रदायिक नफरत का प्रतीक बन चुका है।



## सुरक्षाबलों-आतंकियों के बीच मुठभेड़, 1आतंकवादी घायल

**जम्मू ।** डोडा के अस्सर इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। इस मुठभेड़ में एक आतंकवादी के घायल होने की बात कही जा रहा है। इलाके में खूने के धब्बे मिले थे, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने अभियान चलाया। सुरक्षा बलों ने एम4 राइफल बरामद की है। इसके अलावा गोला-बारूद और रसद सामग्री भी बरामद की है। इसके साथ ही तीन बैग भी जब्त किए गए हैं। मंगलवार को उधमपुर की तहसील रामनगर के डूडू बसंतगढ़ के पहाड़ी क्षेत्र में चार आतंकवादी देखे गए थे। देर शाम आतंकियों की मौजूदगी पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया। अपनी तरफ सुरक्षाबलों का घेरा बढ़ता देख आतंकी सियोजधार के रास्ते अस्सर होते हुए जिला डोडा की तरफ निकल गए।सूत्रों के अनुसार सियोजधार इलाके में आतंकवादी दिखे लेकिन धुंध का फायदा उठाकर ये लोग भाग निकले थे। सियोजधार क्षेत्र में मौसम खराब होने के चलते धुंध इनती ज्यादा थी कि दो फुट की दूरी तक देख पाना मुश्किल हो रहा था। इसके चलते सुरक्षाबलों को तलाशी अभियान में परेशानी आई।



### बिंद्रा की नसीहत... 470 करोड़ खर्च के बाद ओलंपिक में 'खाली हाथ'

# 'समझना होगा कि हमें किस पर खर्च करना है...!'

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

पेरिस ओलंपिक खत्म हो गया है, भारतीय जत्थे लौट रहे हैं लेकिन पिछली बार जो चमक थी और इस बार पेरिस रवाना होते वक्त जो उम्मीद थी, वह सब ध्वस्त हो चुकी हैं। अलबत्ता भारतीय एथलीट इस बात से भले ही खुश हों कि उनके नाम के आगे ओलंपियन लग गया है, लेकिन बीजिंग में गोल्ड मेडल जीतने वाले अभिनव बिंद्रा ने मोदी सरकार के विजन पर उस समय बट्टा लगा दिया, जब उन्होंने कह दिया- 'पैसा मेडल नहीं ला सकता है।' हालांकि उन्होंने कहा कि एथलीटों पर पैसा खर्च करना बंद नहीं कर सकते, लेकिन हमें समझना होगा कि कहां और किस तरह से पैसा खर्च करना है। इस बार ओलंपिक की अद्भुत क्लोजिंग सेरेमनी के बाद अब आकलन का दौर है कि भारत के खिलाड़ी आखिर वैश्विक स्तर पर कहां हैं। 2020 में भारतीय एथलीटों ने 7 मेडल जीते थे। इसके बाद जोरशोर से अगले ओलंपिक की तैयारी चल रही थी। हर किसी को उम्मीद थी कि इस बार संख्या 10 के पार पहुंचेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। भारतीय दल ने 71वें स्थान पर रहते हुए अपने सफर का शर्मनाक अंत किया।




### पाकिस्तान से भी पिछडे..

आंकड़ों और तकनीकी आधार पर पाकिस्तान से भी पीछे रहना भी निराशा की एक बड़ी वजह है, पाक तो एक गोल्ड के साथ 62वें स्थान पर रहा। 205 देशों ने हिस्सा लिया था, जबकि 84 देशों ने कम से कम एक मेडल जीता। 140 करोड़ की आबादी वाला देश भारत इसमें 71वें नंबर पर रहा। 2017-18 में लॉन्च हुए खेलो इंडिया के तहत पीएम नरेंद्र मोदी का विजन ही ओलंपिक में अधिक से अधिक मेडल जीतने का था। तोक्यो में जब 7 मेडल आए तो वह भारतीय इतिहास का सबसे सफल ओलंपिक बन गया था। नीरज चोपड़ा ने जेवलिन में ऐतिहासिक गोल्ड जीता था। इस बार वह सिल्वर तक सीमित रह गए। जबकि महिला पहलवान विनेश फोगाट ( वजन की वजह से अयोग्य घोषित ) के मामले में रोमांस के शहर पेरिस ने जैसा दर्द दिया, उसका असर आने वाले कई दशकों तक शायद ही कम हो।

### 470 करोड़ रुपए खर्च के बाद यह हालात

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पेरिस ओलंपिक के लिए केंद्र सरकार ने तीन साल में 470 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। सबसे ज्यादा खर्च एथलेटिक्स ( 96.08 करोड़ रुपए ) पर हुआ, उसके बाद बैडमिंटन ( 72.02 करोड़ रुपए ), बॉक्सिंग ( 60.93 करोड़ रुपए ) और शूटिंग ( 60.42 करोड़ रुपए ) पर हुआ। पेरिस में भारत ने जिन 16 खेलों में हिस्सा लिया, उन सभी को फंड मिला। लेकिन एक प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

### सड़कों और उद्यानों में बड़े पैमाने पर गुलाब लगाने का प्लान

# 3 साल में राजधानी में हर तरफ दिखेंगे और महकेंगे गुलाब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अब तक तो राजधानी को सिटी ऑफ लेक्स के नाम से पहचाना जाता है, लेकिन यदि सब कुछ योजनानुसार हुआ तो इसकी पहचान में सिटी आफ रोज़ का तमगा भी जुड सकता है। क्योंकि यहां अगले तीन वर्षों में हर छोटे-बड़े पार्क से लेकर सड़कों के किनारे गुलाब के पौधे रोपने की योजना तैयार की गई है। दरअसल, 7 से 13 जनवरी 2028 के बीच भारत का पहला और 21 वां वर्ल्ड रोज कन्वेंशन आयोजित किया जाना है, जिसमें करीब 40 देश शामिल हो सकते हैं। लिहाजा इस आयोजन की तैयारी अभी से जारी है। एमपी रोज़ सोसायटी और इंडियन रोज फेडरेशन के आयोजन के लिए ही मेजबान शहर भोपाल को सिटी ऑफ रोज की तर्ज पर सजाने का विचार है। इसमें भोपाल नगर निगम और जिला प्रशासन ने हाल ही में एमपी रोज सोसायटी के पदाधिकारियों साथ बैठक करके कार्य योजना पर विचार किया है। दरअसल 2022 में ऑस्ट्रेलिया में वर्ल्ड रोज कनवेंशन हुआ था, तब अगले आयोजन के लिए भारत और चीन ने दावेदारी की थी। 40 में 39 देशों ने वोटिंग में भाग लिया था। इनमें से 33 ने भारत के पक्ष में वोट दिया, जबकि छह वोट चीन को मिले। लिहाजा भारत को वर्ष 2028 में होने वाले वर्ल्ड रोज कनवेंशन की मेजबानी मिली और एमपी रोज सोसाइटी ने इंडियन रोज एसोसिएशन के समक्ष भोपाल में यह आयोजन करने का प्रस्ताव रखा।





बताया जाता है कि राजधानी को रोज़ सिटी बनाने के लिए देशभर से गुलाब की खास किस्म भोपाल लाई जाएगी। इसमें भी कोलकाता, बेंगलुरू और हिमाचल के तराई क्षेत्रों से सबसे ज्यादा गुलाब की किस्में आएंगी। इनके रोपण व रोज गार्डनों की देखरेख के लिए नगर निगम के सात सौ तथा 4सौ अन्य मालियों को रोज़ सोसाइटी प्रशिक्षण देगी।

#### सबसे पहले संवरेंगे शहर के सारे पार्क

गौरतलब है कि अभी भोपाल में फिलहाल तीन बड़े रोज गार्डन हैं तथा हर वर्ष लगने वाली गुलाब प्रदर्शनी काफी प्रतीक्षित आयोजन होता है। गुलाब उद्यान में अभी नेहरू रोज गार्डन बरखेड़ा, विधानसभा गार्डन और लिंक रोड स्थित रोज गार्डन शामिल हैं। मगर गुलाबप्रेमियों की चिंता है कि शहर के कई रोज गार्डन अब बेहतर अवस्था में नहीं हैं। लिहाजा प्रशासन व सोसाइटी पहले इन्हें संवारना चाहती हैं। इसके बाद नगर निगम के 140 छोटे-बड़े गार्डन तथा पीडब्ल्यूडी के कुछ बड़े गार्डनों में गुलाब के पौधे बडिंग ग्राफ्टिंग प्रक्रिया से रोपे जाएंगे। इससे उद्यानों में डेढ सौ से ज्याद किस्म के गुलाब महकेंगे।इसके साथ ही तीनों लिंक रोड, एयरपोर्ट रोड और वीआइपी रोड के सेंट्रल वर्ज में भी गुलाब के पौधे रोपे जाएंगे। हालांकि इसके लिए लंबा समय व परिश्रम दरकार होगा।

## कटारा हिल्स पर 34 एकड में राष्ट्रीय स्तर की कॉलोनी बनाने की योजना

### पहली बार अंडरग्राउंड बिजली व सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की कटारा हिल्स लगातार बस्तियों से घिरती जा रही है। अब हाउसिंग बोर्ड ने भी यहां की 34 एकड़ जमीन पर शहर की पहली राष्ट्रीय स्तर की कॉलोनी विकसित करने की योजना तैयार की है।इस प्रोजेक्ट को हाल ही में नगर निगम से बिल्डिंग परमिशन मिली है। अब बोर्ड इसके विक्रय के लिए रेरा की अनुमति को भेजेगा। अनुमति मिलने के बाद बुकिंग शुरू कर दी जाएगी।

बताया जाता है कि यह कॉलोनी सफायर पार्क सिटी के नाम से बनाई जायेगी।कालोनी की दो खासियत इसे राष्ट्रीय स्तर की कालोनी की पहचान दिलाएगी पहली यह कि कालोनी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और दूसरी अंडर ग्राउंड बिजली। बोर्ड अफसरों का विचार है कि अब तक चूंकि भोपाल में राष्ट्रीय स्तर की कोई भी कॉलोनी नहीं है। लिहाजा सफायर पार्क सिटी को शहर में राष्ट्रीय स्तर की कालोनी का दर्जा दिलाया जायेगा। दूसरी खासियत यह है कि यह शहर की पहली वह कालोनी कहलाएगी जिसकी बिजली अंडर ग्राउंड रहेगी। इसके अलावा इस कालोनी में 12 मीटर से लेकर 24 मीटर तक की चौड़ी सड़कें बनाने की भी योजना है। बीच में ढ़ाई एकड़ एक ओपन स्पेस होगा। जिसमें क्लब हाउस के साथ ही स्विमिंग पूल भी है। बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, वाकिंग ट्रैक के साथ ही इस सोसायटी में एक से डेढ़ एकड़ के चार ओपन स्पेस भी दिए जाएंगे। साथ ही इसमें हरियाली के लिए विशेष प्रावधान किया गया है।

#### इकोलॉजिकल पार्क के करीब

यह प्रोजेक्ट लहारपुर इकोलॉजिकल पार्क के पास 46 एकड़ में फैला है। प्रोजेक्ट के तहत 186 भूखंड विकसित किए जाएंगे । इस प्रोजेक्ट के विकास कार्य में आधुनिक सुविधाओं के साथ हरियाली का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सीवेज के पानी को उपचारित करके पेड़ों की सिंचाई होगी।

## वन विहार में तितलियों की 27 प्रजाति, सर्वे में खुलासा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जैव विविधता को जानने के लिए भोज वेटलैंड क्षेत्र में तितलियां की गणना शुरू हो गई है। यह गणना बारिश के मौसम में शुरू होती है, जो कि नवबंर तक जारी रहती है। वन विहार में भोपाल बर्ड्स के तत्वावधान मे तितली सर्वे का पहला चरण कई दिलचस्प निष्कर्ष लेकर आया है। इस सर्वे में तितलियों की 27 प्रजातियों को चिह्नित किया गया।इस सर्वे में तितलियों पर कार्य करने वाले शोधकर्ताओं, विधार्थियों एवं विज्ञानियों ने भाग लिया। वन विहार के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभागियों द्वारा आयोजित यह सर्वे पोलार्ड वाक पद्धति से किया। सर्वे के बाद उद्यान में पाई जाने वाली विभिन्न प्रजातियों एवं उनकी संख्या को एकत्रित कर रिपोर्ट बनाने कार्य किया जाएगा। बताया जाता है कि सर्वे की खास बात यह रही है कि इसमें तितलियों के जीवन चक्र जैसे अंडे, कैटरपिलर, प्यूपा आदि को भी क्षेत्र वार चिह्नित किया जा रहा है एवं इनके होस्ट और नेक्टर प्लांट की सूची भी तैयार की जा रही है। सर्वे में स्रोत व्यक्ति के रूप में डा. संगीता राजगीर एवं मो. खालिक मौजूद रहे।



**ये प्रजातियां चिह्नित:**कॉमन टाइगर, स्ट्राइप टाइगर, कामन क्रो, कामन ग्रास येलो, कामन जेजेबेल, पीकॉक पेन्सी, कॉमन लेपर्ड, डिनाइड एग फ्लाई, लाइम बटरफ्लाई, पायनियर, कामन एमिग्रेंट, बेरोनेट, येलो पैन्सी, ब्लू पैन्सी, ग्रे पैन्सी, त्वानी कोस्टर, कामन फोर रिंग, साइक आदि।

## सड़कों पर घूम रहे बिना नंबर के डंपर, मानव अधिकार आयोग ने दिए जांच के निर्देश

### 11केवी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए डॉक्टर की मौत के मामले में भी अधिकारियों से जवाब तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला राजधानी भोपाल की अधिकांश सड़कों पर बिना नंबर के डंपरों के घूमने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि इनमें कई डंपर सरकारी कामकाज में भी लगे हुए हैं। कई डंपर तो कोलार की मुख्य स?क पर से गुजरते हुये रहवासी कॉलोनी में आवाजाही कर रहे है, इस कारण रहवासियों क्षेत्रों में डंपर के कारण दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। मामले में आयोग ने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ट्रेफिक) भेपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का तीन सप्ताह में प्रतिवेदन मांगा है। इसके साथ ही आयोग ने भोपाल शहर के अशोका गार्डन स्थित सुभाष कॉलोनी के सुंदर नगर में बीते सोमवार को 11केवी की हाईटेंशन लाइन टूटकर नीचे गिर गई। उसे हटाने की कोशिश में एक होम्योपैथिक डॉक्टर करंट की चपेट में आ गया उसकी मृत्यु हो गई। मामले में आयोग ने सीएमडी, म0प्र0 मध्य क्षेत्र विद्युत वि.क.लि., भोपाल से मामले की जांच कराकर मृतक के उत्तराधिकारियों को नियमानुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि तथा क्षतिग्रस्त एचटीएल को सुरक्षित किये जाने के सम्बन्ध में प्रतिवेदन मांगा है।






### नवनिध की छात्राओं की सेहत की जांच हुई

**हिरदाराम नगर।** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं की थायराइड और खून की जांच की गई। छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों और विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी जांच कराई। डॉ. अंजू पटेल मेडिकल ऑफिसर, डॉ. जूही लोया गाइनकोलॉजिस्ट, पूजा परमार आकांक्षा पाटिल, सुनील अहिरवार, आकाश प्रजापति लैब टेक्नीशियन और इफ्तिखार खान एम.टी.डब्ल्यू ने अपनी सेवाएं दीं।

## संतनगर में आयोजित हुई सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता, विजेता पुरस्कृत होंगी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन संतनगर में भी किया गया। झूलेलाल मंदिर में सिंधी महिलाओं ने घर से बनाकर लाए सिंधी व्यंजनों सजाया। व्यंजन बनाने की विधि प्रदर्शित की। निर्णायकों ने व्यंजनों का स्वाद चखकर नंबर दिए। केंद्र प्रभारी सिंधी महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी, मधु लालवानी एवँ भावना चंदनानी ने प्रतियोगिता के लिए व्यवस्थाएं की। अतिथि समाजसेवी दिनेश वाधवानी थे। उन्होंने कहा कि सिंधी संस्कृति को बचाने में महिलाओं का अहम योगदान है। सिंध की जायका लेने का मौका प्रतियोगिता में मिला है।



प्रतियोगिता का अवलोकन सीमा सबनानी, मेला समिति के मनीष दरयानी, दिव्या दरयानी ने किया। पहुचे। दरयानी ने बताया कि विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर केन्द्र प्रभारी लोकेश वाधवानी, राजेश पेसवानी, उपस्थित थे।

**चालीहा उत्सव :** झूलेलाल चालीहा मंदिर में समाजसेवी कमलेश रायचंदानी ने अपने साथियों के साथ आरती की। उनका स्वागत चंद्रभान रीझवानी, ओम प्रकाश रीझवानी और मंदिर महिला प्रमुख किरण वाधवानी ने शाल पहनाकर किया। मंदिर महिला प्रमुख किरण वाधवानी ने भी उनका स्वागत किया। आरती में कैलाश साधवानी, जितेश सदारंगानी, ओम आसनानी शामिल हुए।

## प्रभारी मंत्री को खस्ताहाल सड़कों पर चलने के लिए हेलमेट, पैड देगी कांग्रेस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मोहन यादव सरकार द्वारा प्रभारी मंत्रियों की सूची जारी होने के बाद अब कैबिनेट मंत्री चेतन कश्यप को भोपाल का प्रभारी मंत्री बनाने पर कांग्रेस ने उन्हें खराब सड़कों के प्रति ध्यान आकृष्ट कराने अनोखा निर्णय लिया है। प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि प्रभारी मंत्री के आगमन से पहले भोपाल की ज्वलंत समस्याओं से अवगत करवाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत उन्हें हेलमेट पैड आदि सुरक्षा उपकरण भेट कर माँग की जाएगी कि भ्रष्टाचार की भेट चढ़ चुकी इन बदहाल सड़को का जीर्णोद्धार कर भोपालवासियों को इस प्रबल समस्या से मुक्ति दिलवाने का कष्ट करे।



त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश में आज सड़क व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है आम जनता को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रोड टैक्स और भारी टोल वसूलने के बाद भी जनता को मप्र की सरकार अच्छी सड़के उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। जनता अपनी जान हथेली पर ले कर इन जानलेवा सड़को पर चलने के लिए मजबूर है। हर रोज़ सड़क दुर्घटनाओं की सूचना प्रदेश के कोने कोने से आती है पर भाजपा सरकार के कानो पर जू तक नहीं रेंग रही है।

**युवा उत्सव** | प्रतियोगिताओं में छात्राओं को पुरस्कार...

## गर्ल्स कॉलेज में जागरुकता अभियान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर मध्यप्रदेश सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग द्वारा एड्स के विरूद्ध राज्य स्तरीय 'सघन जागरूकता अभियान' में प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया, जिसमें संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने हिस्सा लिया और पुरस्कार हासिल किए।

कार्यक्रम मध्यप्रदेश एड्स कंट्रोल सोसायटी और रिबन क्लब ने साझा रूप से किया था। प्रतियोगिताओं में संत कॉलेज की अनुश्री नामदेव ने फेस पेटिंग में प्रथम पुरस्कार व मुस्कान सूर्यवंशी ने पोस्टर प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने इन प्रतियोगिताओं को प्रासंगिक बताते हुए छात्राओं को बताया किया कि स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में पहला कदम है जागरूकता और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर छात्र विषय के प्रति संवेदनशील होते है। उन्होने छात्राओं को राज्य सरकार के सभी कार्यक्रमों में एन.एस.एस. व एन.सी.सी. के माध्यम से बढ़चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया।



#### जागरूकता के लिए अभियान

रेड रिबन क्लब भारत सरकार द्वारा स्कूलों एवं कॉलेजों में शुरू किया गया है, जो एक आंदोलन है। इसके माध्यम से स्टूडेंट्स एड्स/ एच आई.वी. को लेकर जागरूकता फैलाते है। रेड रिबन नशीली दवाओं के रोकथाम, रक्तदान एवं अन्य संक्रामक रोगों के विषय में जागरूकता फैलाने का कार्य भी कर रहे हैं। वर्तमान में रेड रिबन क्लब एन.एस.एस. के माध्यम से विश्वविद्यालयों के युवाओं को संगठित कर उन्हें जागरूक करने एवं इसे फैलने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## चालीहा में की गई कठोर तपस्या का मिलता है फल: लालदास साईं



### दिव्य सत्संग महोत्सव का आयोजन किया

### राजवीर सेवा मंडल समिति ने किया आयोजन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भगवान झूललाल चलीहा महोत्सव में राजवीर सेवा मंडल समिति, भोपाल ने दिव्य सत्संग महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें चक्कर भाटा भगवान झूलेलाल मंदिर के संत साईं लालदास साहिब ने कहा चालीहा कठोर तपस्या है, लेकिन फलदायी है। सत्संग महोत्सव का आयोजन चालीहा के 28 वें दिवस पर लालघाटी स्थित एक गार्डन में किया गया था। साईंजन ने झूलेलाल चालीहा परंपरा को विस्तार से बताया। सांई जी की अमृतवाणी व भजन कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सत्संग के पश्चात् झूलेलाल भगवान की आरती व भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन राजवीर मंदिर समिति इसरानी मार्केट ने किया। कार्यक्रम के अंत में समिति के अध्यक्ष लखु अंदानी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रवि कंजानी. वासू कल्याणी. रमेश आहुजा. मनीष होलारामानी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## आधी रात बदले 26 आईएएस मामले में ओवैसी की एंट्री

# विदिशा कलेक्टर को बदलने पर उठाए सवाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्य प्रदेश के जिन 26 इस के तबादले हाल ही में आधी रात को किए गए थे उस पर असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल उठाते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। ओवैसी में लिखा कि एक कलेक्टर को नियमों का पालन करने के कारण हटा दिया गया। यह बात ओवेसी ने सोशल मीडिया के एक प्लेटफार्म पर अपने अकाउंट के जरिए लिखी। इसके बाद मध्य प्रदेश में हुए आईएएस अफसरों के तबादले देश भर में सुर्खियों में है। इसके पहले जिस दिन तबादला किए गए थे उसके दूसरे दिन कांग्रेस ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा था कि आधी रात को ताबड़तोड़ किए इन तबादलों से अपराधों में कमी और सुशासन आएगा, इसकी गारंटी नहीं है।



दरअसल, हाल ही में बदले गए विदिशा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य 2014 बैच के आईएएस अफसर हैं। ओवैसी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन के प्रमुख है। औवेसी ने सोशल मीडिया पर लिखा - मध्यप्रदेश में कुछ संगठनों ने उन्हें मस्जिद में प्रार्थना करने की अनुमति देने की मांग की। लेकिन कलेक्टर ने अनुमति नहीं दी क्योंकि जिस स्थान पर अनुमति मांगी जा रही थी वह एएसआई राजपत्र में एक मस्जिद थी। जिसके बाद कलेक्टर का तबादला कर दिया गया। कलेक्टर ने कानून का पालन किया तब भी तबादला किया गया। औवेसी ने इसे वक्फ संशोधन बिल का खतरा बताया व कहा कि कलेक्टर को भीड़ की मांगों का पालन करना होगा अन्यथा उसे बदल दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विदिशा जिले के धार्मिक स्थल बीजा मंडल को पुरातात्विक विभाग के हवाले से मस्जिद बताने वाला पत्र सामने आया था। जिसके बाद से कुछ धार्मिक संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया था। पूर्व राज्यसभा सदस्य व भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुनंदन शर्मा ने कलेक्टर को हटाने की मांग भी की थी।अब रौशन कुमार सिंह को कलेक्टर की जिम्मेदारी दी है।

### धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस, गांव में भी होंगे आयोजन

# मुख्यमंत्री भोपाल, विधानसभा अध्यक्ष मुरैना और 29 मंत्री प्रभार के जिलों में करेंगे झंडा वंदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस गुरुवार को प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में होगा। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हिस्सा लेंगे। वह झंडा वंदन करेंगे और प्रदेश के नाम अपने संदेश का वाचन करेंगे। इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मुरैना में ध्वजारोहण करेंगे, जबकि मंत्री कुंवर विजय शाह को छोड़कर 29 मंत्री अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और ध्वजारोहण कर प्रदेश के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। 24 जिलों में जिला कलेक्टर द्वारा झंडा वंदन किया जाएगा। गांव में भी धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। शहरी क्षेत्र की



कॉलोनी, सामाजिक, धार्मिक और अन्य संगठनों द्वारा भी आयोजन होंगे। सरकार ने राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से उल्लास के साथ मनाने के इंतजाम करने के निर्देश दिए है।

| जिला | प्रभारी मंत्री | झंडा वंदन करेंगे |
|---|---|---|
| भोपाल | चेतन काश्यप | मुख्यमंत्री |
| जबलपुर | जगदीश देवड़ा | प्रभारी मंत्री |
| देवास | जगदीश देवड़ा | कलेक्टर |
| सागर | राजेन्द्र शुक्ल | उपमुख्यमंत्री |
| शहडोल | राजेन्द्र शुक्ल | कलेक्टर |
| इंदौर | मोहन यादव | कैलाश विजयवर्गीय |
| रतलाम | विजय शाह | कलेक्टर |
| झाबुआ | विजय शाह | कलेक्टर |
| सतना | कैलाश विजयवर्गीय | कलेक्टर |
| धार | कैलाश विजयवर्गीय | कलेक्टर |
| भिण्ड | प्रहलाद पटेल | कलेक्टर |
| रीवा | प्रहलाद पटेल | प्रभारी मंत्री |
| छिंदवाड़ा | राकेश सिंह | कलेक्टर |
| नर्मदापुरम | राकेश सिंह | कलेक्टर |
| मुरैना | करण सिंह वर्मा | नरेंद्र सिंह तोमर |
| सिवनी | करण सिंह वर्मा | प्रभारी मंत्री |
| बालाघाट | उदय प्रताप सिंह | कलेक्टर |
| कटनी | उदय प्रताप सिंह | प्रभारी मंत्री |
| सिंगरौली | संपतिया उइके | प्रभारी मंत्री |
| आलीराजपुर | संपतिया उइके | कलेक्टर |
| ग्वालियर | तुलसी सिलावट | प्रभारी मंत्री |
| बुरहानपुर | तुलसी सिलावट | कलेक्टर |
| दतिया | एदल सिंह कंसाना | प्रभारी मंत्री |
| छतरपुर | एदल सिंह कंसाना | कलेक्टर |
| मंदसौर | निर्मला भूरिया | प्रभारी मंत्री |
| नीमच | निर्मला भूरिया | कलेक्टर |
| नरसिंहपुर | गोविंद सिंह राजपूत | कलेक्टर |

| जिला | प्रभारी मंत्री | झंडा वंदन करेंगे |
|---|---|---|
| गुना | गोविंद सिंह राजपूत | प्रभारी मंत्री |
| खरगोन | विश्वास सारंग | कलेक्टर |
| हरदा | विश्वास सारंग | प्रभारी मंत्री |
| शाजापुर | नारायण कुशवाह | प्रभारी मंत्री |
| निवाड़ी | नारायण कुशवाह | कलेक्टर |
| आगर | नागर सिंह चौहान | प्रभारी मंत्री |
| उमरिया | नागर सिंह चौहान | कलेक्टर |
| शिवपुरी | प्रद्युम्न सिंह तोमर | प्रभारी मंत्री |
| पांर्ढूना | प्रद्युम्न सिंह तोमर | कलेक्टर |
| राजगढ़ | चेतन काश्यप | प्रभारी मंत्री |
| पन्ना | इंदर सिंह परमार | कलेक्टर |
| बड़वानी | इंदर सिंह परमार | प्रभारी मंत्री |
| श्योपुर | राकेश शुक्ला | कलेक्टर |
| अशोकनगर | राकेश शुक्ला | प्रभारी मंत्री |
| मंडला | रामनिवास रावत | कलेक्टर |
| दमोह | रामनिवास रावत | प्रभारी मंत्री |
| सीहोर | कृष्णा गौर | प्रभारी मंत्री |
| टीकमगढ़ | कृष्णा गौर | कलेक्टर |
| खण्डवा | धर्मेन्द्र सिंह लोधी | प्रभारी मंत्री |
| सीधी | दिलीप जायसवाल | प्रभारी मंत्री |
| उज्जैन | गौतम टेटवाल | प्रभारी मंत्री |
| विदिशा | लखन पटेल | प्रभारी मंत्री |
| मउगंज | लखन पटेल | कलेक्टर |
| रायसेन | नारायण सिंह पवार | प्रभारी मंत्री |
| बैतूल | नरेन्द्र शिवाजी पटेल | प्रभारी मंत्री |
| डिण्डोरी | प्रतिमा बागरी | प्रभारी मंत्री |
| अनूपपुर | दिलीप अहिरवार | प्रभारी मंत्री |
| मैहर | राधा सिंह | प्रभारी मंत्री |

## तकनीकी शिक्षा : बीई, बीटेक में फर्स्ट राउंड की सीटों का आवंटन, प्रवेश के लिए मिले सिर्फ चार दिन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बीई, बीटेक में प्रवेश के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग ( डीटीई ) द्वारा फर्स्ट राउंड की सीटों का आवंटन कर दिया गया है। इसमें 25,641 सीटों का आवंटन जारी किया गया है। स्टूडेंट 16 अगस्त तक ही एडमिशन ले सकेंगे। डीटीई द्वारा कराई जा रही काउंसलिंग के फर्स्ट राउंड में बीई, बीटेक में एडमिशन के लिए 35,570 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराकर 27,043 स्टूडेंट्स ने चॉइस फिलिंग की थी। इसमें से विभाग ने 25,641 विद्यार्थियों को सीटें आवंटित की है। स्टूडेंट्स को आवंटित कालेज में 16 अगस्त तक पहुंचकर ही प्रवेश लेना होगा। इसके अलावा विद्यार्थी इस अवधि के दौरान अपग्रेडेशन का विकल्प चुन सकेंगे।

### डेढ़ माह तक रजिस्ट्रेशन कराए



तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीई) द्वारा इसके लिए भले डेढ़ माह तक रजिस्ट्रेशन कराए हैं, लेकिन स्टूडेंट्स को एडमिशन के लिए मात्र चार दिन का समय दिया है। इसके साथ ही अपग्रेडेशन का आवंटन 20 अगस्त को होगा और 23 अगस्त तक इसके प्रवेश होंगे। इसके दूसरे राउंड के रजिस्ट्रेशन भी 20 अगस्त से शुरु होंगे। यह राउंड 6 सितंबर को समाप्त होगा। इसके बाद ब्रांच परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होगी।

## स्कूल शिक्षा: उच्च पद का प्रभार पर 20 तक ज्वाइनिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार लेने के लिए तारीख में बढ़ोत्तरी कर दी है। अब शिक्षक 20 अगस्त तक पदभार गृहण कर सकेंगे। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी कर दिया है। संचालनालय ने शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार देने के लिए काउंसिलिंग की थी। 6 अगस्त को शिक्षकों के पदस्थापना आदेश जारी किए गए और उन्हें 7 दिन में अनिवार्य रूप से पदस्थापना वाले स्कूल में ज्वाइन करने को कहा गया। 7 दिन बाद पदस्थापना आदेश स्वतः ही कैंसिल हो जाता। शासकीय शिक्षक संगठन ने इसका विरोध किया और आयुक्त लोक शिक्षण से ज्वाइनिंग का समय बढ़ाने की मांग की थी।

## छह माह के बाद मिलेगा जनजातीय विभाग में वेतन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



जनजातिय कार्य विभाग के छात्रावास में कार्यरत स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं अंशकालीन कर्मचारियों रसोइयों का 6 माह से लंबित वेतन आयुक्त कार्यालय द्वारा बजट आवंटित करने के बाद अब मिल जायेगा । बताया जाता है कि विभाग में बजट मद अलग-अलग होने के कारण स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अंशकालीन कर्मचारी एवं रसोइयों का वेतन भुगतान में बार-बार समस्या आ जाती है 6-6 माह वेतन भुगतान नहीं किया जाता है जिस कारण कर्मचारियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है 6 माह से वेतन भुगतान नहीं होने के कारण अल्प वेतन भोगी कर्मचारी अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं करा पा रहे थे । पिछले दिनों कर्मचारी मंच ने विभाग के स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी एवं अंशकालीन कर्मचारी रसोइयों को लंबित वेतन भुगतान करने की मांग आयुक्त जनजातियां कार्य विभाग से की थी। अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि आयुक्त ने प्रदेश के 45 जिलों के लिए 23 करोड़ 7 लाख रुपए त्वरित पहल करके वेतन के लिए बजट आवंटित किया है ।

### तिरंगा यात्रा



भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना में हर घर तिरंगा अभियान के तहत युवाओं से संवाद कर मोटरसाइकिल पर सवार होकर तिरंगा यात्रा में सहभागिता की।

## 17 अगस्त तक अतिथि शिक्षकों की ज्वाईनिंग की कार्यवाही होगी पूरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शैक्षणिक व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षक आमंत्रण की कार्यवाही 17 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किए है। अतिथि शिक्षक द्वारा जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वाईनिंग दर्ज कराना एवं शाला प्रभारी प्राप्त सत्यापित ज्वाईनिंग पत्रक की प्रति को पोर्टल पर अपलोड कराना। इसके साथ ही शाला प्रभारी द्वारा जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वाईन किए गए। अतिथि शिक्षक के प्रमाणीकरण



करने कार्यवाही अब 17 अगस्त 2024 तक की जा सकेगी। अतिथि शिक्षकों के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने पूर्व में पत्र जारी कर जिला शिक्षा अधिकारियों का निर्देशित किया है।

## विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और स्कूलों में मनाया जाएगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवसः मुख्यमंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में 21 एवं 22 अगस्त को सभी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं स्कूलों में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर भारत के उतरने की ऐतिहासिक घटना को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और स्कूलों में अंतरिक्ष विज्ञान पर केन्द्रित व्याख्यान, संगोष्ठी, प्रदर्शनी, साइंस क्विज, मॉडल मेकिंग, पेंटिंग, विशेषज्ञ व्याख्यान और फिल्म प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल तथा आईआईटी इंदौर द्वारा विश्वविद्यालयीन, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए अंतरिक्ष विज्ञान पर केन्द्रित हैकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। हैकाथॉन में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने के साथ ही उनके नवाचार को आगे बढ़ाने में सहयोग किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल का 11 वां दीक्षांत समारोह

# वर्ष 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाना हमारा उद्देश्य: केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में पदक और उपाधियां प्राप्त करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत में जिज्ञासा, शोध और सीखने की संस्कृति और प्रवृति के परिणाम स्वरूप ही देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थी इस प्रतिष्ठित संस्थान में अध्ययनरत हैं। संस्थान ने विज्ञान शिक्षा में देश ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विद्यार्थियों के अध्ययन, शोध और अनुसंधान का अधिकतम लाभ देश के लोगों के कल्याण में हो।

केंद्रीय मंत्री सीतारमण ने फॉसिल फ्यूल के उपयोग को घटाकर नवकरणीय ऊर्जा के उत्पादन और उसके भांडाण के लिए शोध को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि भारत सरकार इस दिशा में विशेष प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान को विभिन्न भागों में बांट कर देखने की बजाए समग्र मानव कल्याण की दृष्टि से देखना आवश्यक है। भारत को-2047 तक विकसित भारत के रूप में स्थापित करने के लिए नवाचार करने होंगे। हमारी सरकार शोध और अनुसंधान के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए




प्रतिबद्ध है। भारत सरकार ने इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन को अनुमोदन प्रदान किया है और इसके लिए 10 हजार 300 करो? रुपए बजट का प्रावधान भी किया गया है। भारत को ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के हब के रूप में भी विकसित किए जाने की योजना है। देश को वर्ष 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना हमारा उद्देश्य है। भारत का सेमी-कंडक्टर मिशन-2021 में आरंभ किया गया था। भारत में इस क्षेत्र में तीन इकाइयां स्थापित की जा चुकी हैं। स्पेस सेक्टर को निजी क्षेत्र के लिए खोलना ब?ी पहल है। उन्होंने कहा कि नवाचार,शोध और विकास को प्रोत्साहित करने केन्द्र सरकार अपना दायित्व मानती है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संपूर्ण विश्व तेजी से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो रहा है। पेट्रोल, औद्योगिक क्रांति की धुरी रहा है, परंतु नॉलेज अर्थात ज्ञान ही 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था का आधार है। ऐतिहासिक रूप से भारतीय ज्ञान परंपरा बहुत समृद्ध रही है। इसी का परिणाम रहा कि आक्रांताओं ने हमेशा हमारे ज्ञान के केन्द्रों को निशाना बनाया और उन्हें नष्ट करने की कोशिश की। भारत अपनी ज्ञान परंपरा का अनुसरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने के मार्ग पर अग्रसर है। विज्ञान शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ शोध, अनुसंधान और नवाचार को भी देश में बहुत महत्व दिया जा रहा है। अकादमिक क्षेत्र में मध्य प्रदेश में आईआईटी, आईआईएम, आईसर, ट्रिपल आईटी, एनआईटी और आईआईएफएम जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थान विद्यमान है। भोपाल में स्थापित हो रहा राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का परिसर राष्ट्रीय महत्व का है। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान की भोपाल में उपस्थिति प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।



## संपादकीय

# अशांत पड़ोस और आशंकाएं

जब भी कोई समाज या देश किसी बड़े बदलाव या अनिश्चितता से गुजरता है, तो असामाजिक तत्व उस स्थिति का बेजा फायदा उठाने की कोशिश सबसे पहले करते हैं। भारत के पडोसी बांग्लादेश में यही हो रहा है। लिहाजा वहां मची उथल-पुथल का कुछ प्रभाव भारत पर पड़ना अस्वाभाविक नहीं माना जाएगा, लेकिन इस प्रभाव के चलते यहां भी कुछ इलाकों में लोगों पर भीड़ के हमले होने लगें, यह बात स्वाभाविक नहीं कही जाएगी। बांग्लादेश में हो रहे हमलों की चौतरफा निंदा हो रही है। वहां की अंतरिम सरकार को जल्द से जल्द हालात काबू में करने की जरूरत है। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद जिस तरह से वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आई, उससे भारत में बेचैनी स्वाभाविक थी। हालांकि इसमें दुष्प्रचार का तत्व भी था। कहा गया कि सोशल मीडिया पर पुराने विडियो और फेक तस्वीरों के जरिए हमलों की बातें बढ़ा-चढ़ाकर फैलाई जा रही हैं। मगर इसमें दो राय नहीं कि वहां हमले हुए, जिन पर काबू पाने की कोशिश वहां का प्रशासन कर रहा है। पड़ोसी बांग्लादेश आजकल जिस तरह के हालात से गुजर रहा है, उसमें भारत की सरकार ही नहीं, लोग भी उससे सहानुभूति रखते हैं। भारत इन चुनौतियों से निपटने में बांग्लादेश की हरसंभव मदद करने को भी तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं ने भी बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। कुल मिलाकर भारत पर बांग्लादेश के हालातों का असर नहीं पड़ने देने की भी फिक्र है। मगर इस बीच ओडिशा के कुछ जिलों में बांग्लाभाषी लोगों को निशाना बनाने की खबरें चिंताजनक हैं। हालांकि हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है, लेकिन कई ऐसे विडियो सामने आए हैं जिनमें कुछ लोग बांग्लाभाषियों को बांग्लादेशी कहते हुए उन्हें परेशान करते देखे गए हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहनचरण मांझी से बात करके इन घटनाओं पर ध्यान देने का अनुरोध भी किया है। यह समझना होगा कि बांग्लादेश एक अलग मुल्क है, जहां की कानून व्यवस्था पूरी तरह से उसका आंतरिक मामला है। उसे ठीक रखने का काम वहां की सरकार और प्रशासन का है। लेकिन उसे मुद्दा बनाकर देश के अंदर कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने की कोई भी जानी-अनजानी कोशिश खतरनाक हो सकती है। इसीलिए भारत के लोगों और सरकार को बांग्लादेश के हालातों पर बारीक नजर तो रखनी ही चाहिये लेकिन किसी भी तरह की प्रतिक्रिया देने में संयम व समझ दोनों ही दिखानी होगी। यह जरूर है कि बांग्लादेश से हमारा नाता पुराना है, प्रकारांतर से बांग्लादेश का जन्म ही भारत की वजह से हुआ है लेकिन राजनीतिक की दो धाराओं में एक धारा के प्रति भारत सहजता महसूस करता रहा है, अब जबकि वहां दूसरी धारा सत्ता के सूत्र संभाल रही है तो जाहिर है कि बहुत से बदलाव देखने को मिलेंगे, इसीलिये हिंदु समाज को वहां सुरक्षित रखने और यहां संयमित रखने के दो जतन साथ करने जरूरी हैं। वहीं बांग्लादेश से बहुत से लोग घबराकर भारत में पनाह लेने की कोशिश में हैं लिहाजा सीमा पर भी खासा अलर्ट चल रहा है। बहरहाल, कुछ बातें जो बांग्लादेश के संदर्भ में उभरती हैं, मसलन जो आंदोलन शेख हसीना के खिलाफ हुआ और हसीना के देश छोड़ने के चलते सफल भी माना गया, वह अब तक शांत क्यों नहीं हो पा रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस विशेष

# भारतीय संस्कृति और राष्ट्र

■ माया कुलश्रेष्ठ



संस्कृति शब्द का अर्थ ही सम्यक कृति यह शब्द आभास देता है एकता की भावना की अगर बात भारतीय संस्कृति की हो तो यह विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है यह उतनी ही प्राचीन है जितना रोम, मिश्र चीन इत्यादि किसी भी देश के लिए किसी भी व्यक्ति के लिए वह धरोहर है जिसे जानकर उसे आत्मसम्मान और पहचान मिलती है यह एक दिन में बनने वाला शब्द नहीं है यह इतिहास है जो हजारों सालों में बनता है।भारतीय कलाओं का इतिहास कहा जाता है कि जब से है सबसे जीवन है तब से नृत्य संगीत चित्रकला इस पृथ्वी पर है ऐसा कहा और सुना ही नहीं जाता इनके साक्ष्य भी हमारे समक्ष है कलाओं के शास्त्र जिसे भरत मुनि द्वारा रचित किया गया जिसे पंचम वेद भी कहा जाता है आज से 2000 साल पहले लिखा गया इसमें कला का इतिहास जग जाहिर है फिर बात हड़प्पा की खुदाई में पाई जाने वाली नृत्य की मुद्रा में में पाई जाने वाली मूर्ति हो या दक्षिण के मंदिरों में पाई जाने वाली वह मूर्तियां जिनमे नृत्य एवं नृत्य शास्त्र से संबधित नृत्य मुद्रा में पाई जाने वाली मूर्तियां हो,हजारों साल पहले हमें वह साक्ष्य देखने को मिलते हैं इनमें अलंकित है।
भारत दुनिया में दूसरा वह देश है जहां करीब 780 विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। कला का संवाद इतना मजबूत है की भाषा कोई भी हो सभी राज्यों को जोड़ देता है क्योंकि नवरस के आधार पर मनुष्य समझ ही जाता है, फिर इस बात के साक्षी है हमारी पौराणिक गाथाएं हैं वह किसी भी भाषा में कह गए हो किसी भी राज्य से आए हो पर सभी उनसे अवगत है।

*भारत दुनिया में दूसरा वह देश है जहां करीब 780 विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। कला का संवाद इतना मजबूत है की भाषा कोई भी हो सभी राज्यों को जोड़ देता है क्योंकि नवरस के आधार पर मनुष्य समझ ही जाता है, फिर इस बात के साक्षी है हमारी पौराणिक गाथाएं हैं...*

भारतीय कलाओं का नवीनीकरण कला में नवीनीकरण अनिवार्य पर यह शर्त है कि कला की आत्मा पर प्रहार ना हो आजकल आधुनिकता के रंग में लोक एवं शास्त्र दोनों ही स्वरूप बदल चुके हैं सोचने वाली बात यह है क्या उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित बिरजू, महाराज पंडित, राजन साजन, जिन दिग्गज कलाकारों को आज के समय में हम देखते हैं और सुन सकते हैं क्या उन्होंने कला के नवीनीकरण को नहीं गढ़ा। उन्होंने भी किया नवीनीकरण पर वह नवीनीकरण दर्शकों को कला के आनंद को देना था वह नवीनीकरण था भारतीय कला का प्रसार-प्रचार करने का उसके सौंदर्य बोध को निखारने का ना कि उनके अस्तित्व पर प्रहार करने का देखा जाता है की लोकगीत, सूफी एक फ्यूजन बन चुके हैं कथक में कहानी का अस्तित्व द्रुत लय की लयकारी ने ले लिया है। समझने की बात यह है कि कला का अर्थ सिर्फ दर्शकों की ताली या अब इंटरनेट पर उपलब्ध फॉलोअर्स से नहीं वह हमारी कहानी है हमारी परंपरा है उसका नवीनीकरण उतना ही सहज रखें जिसमें कला की आत्मा समाप्त न हो।

भारत और भारतीयता का अर्थ सनातन सत्ता हमारी संस्कृति हमारी पहचान है कहा जाता है की संस्कृत हमारी सभी भाषाओं की जननी है पर विलुप्त हो रही है। संस्कृत व भाषा है जिसके बिना भारतीय भाषाओं का इतिहास लिखा ही नहीं जा सकता संस्कृत वैदिक भाषा है इसीलिए इसे देव भाषा भी कहा जाता है परंतु सभी भाषाओं को समृद्धि देते देते यात्रा में संस्कृत का अपना अस्तित्व ही विलुप्त हो गया। अब हम हिंदी भाषी हैं, पर हिंदी भी कमतर समझी जाती है भारतीय संस्कृति, भाषा को सहेजना एक राष्ट्रीय चुनौती है। भारतीय संस्कृति में जीवंत साहित्य है, जीवन दर्शन है, आयुर्वेद है, वीर गाथा है उन्हें इस स्वरूप में समझाना और जानना जीवन के सौंदर्य को बढ़ाना है, यही भारत की गरिमा है।

**– साभार**

## आज का इतिहास

- 1927 बर्डो थोडोल को पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका के द तिब्बती किताब ऑफ द डेड के रूप में प्रकाशित किया गया।
- 1936 गोताखोर मार्जोरी गेस्ट्रींग सबसे कम उम्र (13 वर्ष 268 दिन) के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बने।
- 1944 एक सप्ताह के बाद, वोला, वारसॉ, पोलैंड में नागरिकों की भेदभावपूर्ण हत्या के बाद, एसएस जनरल एरिच वॉन डेम बाच-ज़ेलेव्स्की ने आदेश दिया कि किसी भी शेष पोल को श्रम या एकाग्रता शिविरों में भेजा जाए।
- 1944 फालाइज पॉकेट की लड़ाई का आरम्भ हुआ।
- 1950 कोरियाई युद्ध-उत्तर कोरियाई पीपुल्स आर्मी के सदस्यों ने युद्ध के अमेरिकी कैदियों को कैद कर लिया।
- 1952 मास्को में तेरह यहूदी कवियों को झूठे कबूलनामे के लिए जासूसी के लिए फांसी दी गई।
- 1955 जर्मनी के विख्यात उपन्यासकार थॉमस मैन का निधन हुआ। उन्हें उनके द मैजिक माउन्टेन अर्थात जादुई पर्वत उपन्यास से बहुत ख्याति मिली।
- 1961 संयुक्त राज्य अमेरिका में संघीय समुद्री आयोग की स्थापना की गयी।
- 1964 आईओसी की शर्तों के कारण, अपनी %रंगभेदी नीतियों को ध्वस्त करने से इनकार सहित, दक्षिण अफ्रीका को टोक्यो में ओलंपिक खेलों से रोक दिया गया है। 28 साल के निलंबन के बाद भी 1992 में दक्षिण अफ्रीका को ओलंपिक में प्रवेश नहीं दिया गया था।
- 1969 डेरी के बोगसाइड क्षेत्र में दंगे भड़क उठे और उत्तरी आयरलैंड के पार फैल गए।
- 1971 सीरिया ने सीमा पर हो रहे विवाद के कारण जॉर्डन के साथ राजनयिक संबंधों समाप्त किया।
- 1972 तेल टैंकरों ओसवेगा गार्जियन और टेक्सानिटा स्टिलबाई, दक्षिण अफ्रीका के पास आपस में टकराए।
- 1981 आईबीएम ने अपने पहले व्यक्तिगत कंप्यूटर, आईबीएम 5150 का खुलासा किया, जो कि एक मूल आकृति के रूप में .1,600 की कीमत पर बेचा गया था, लेकिन 64 द्मड्ढ की रैम और एक एकल 5 1/4 इंच की फ्लॉपी ड्राइव के साथ पूरी तरह कार्यात्मक पीसी खरीदने के लिए और इसकी कीमत .3,525 थी।


## नीरज-नदीम की दोस्ती

# सरहद के आरपार रिश्तों की संभावना बेशुमार

■ सतीश मेहरा

नीरज और नदीम की जोड़ी भारत-पाक खेल संबंधों में बेहतर कड़ी का काम कर सकती है। दुनिया के दोनों टॉप एथलीटों की माताओं ने तो पूरे विश्व को बता दिया है कि दोनों देशों के राजनीतिक संबंध जैसे भी रहे हों, सामाजिक संबंध अभी 1947 के विभाजन से पहले की तरह बरकरार हैं। पेरिस ओलंपिक में जब जैवलिन थ्रो में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने स्वर्ण और भारत के नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीता तो दोनों देशों के लोग खुशी से झूम उठे। इस ऐतिहासिक जीत पर दोनों की मांओं ने जो कहा उसने न केवल भारत-पाक की जनता बल्कि दुनिया के लोगों का दिल जीत लिया। नीरज की मां सरोज ने कहा, नदीम जिसने स्वर्ण पदक जीता है, वह भी हमारा बच्चा है और नीरज ने रजत जीता, वह भी हमारा बच्चा है। दूसरी ओर नदीम की मां रजिया प्रवीन ने कहा, नीरज भी मेरे बेटे जैसा है। नीरज और नदीम दोनों दोस्त हैं और भाई हैं। जहां मैंने नदीम की जीत के लिए दुआ की, वहीं नीरज की जीत के लिए भी दुआ की थी। अल्लाह दोनों को कामयाबी बख्शे। दोनों एथलीट नीरज और नदीम खेल के मैदान में और खेल के मैदान के बाहर भी दोस्त हैं। खेल के मैदान में वे केवल प्रतिद्वंद्वी होते हैं।दोनों एथलीट में सात बार एक-दूसरे का मुकाबला हुआ है। इन मुकाबलों में नदीम नीरज से छह बार पीछे रहा और एक बार पेरिस ओलंपिक में आगे रहा, जिसकी बदौलत अरशद नदीम स्वर्ण पदक पाने में कामयाब रहा। पेरिस ओलंपिक में नीरज और नदीम का इतना हेल्दी मुकाबला रहा कि नीरज के रजत जीतने पर भी पाकिस्तान में खुशियां मनाई गईं और नदीम के स्वर्ण पदक जीतने में भी भारत में खुशियां मनाई गईं। इन खुशियों को दोनों मांएं तस्दीक करती हैं। नीरज का यह भी कहना है कि पहले की प्रतियोगिताओं में नदीम ने मेरे भाले का भी प्रयोग किया है। इससे दोनों की दोस्ती बयां होती है।

भारत-पाकिस्तान के खेल संबंधों में राजनीति का गहरा हस्तक्षेप है। जब भी दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ता है, खेल संबंध प्रभावित होते हैं। उदाहरण के तौर पर, 1999 के कारगिल युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच क्रिकेट संबंध लंबे समय तक स्थगित रहे। इसी तरह, 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक संबंधों में खटास आ गई जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर आईपीएल में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा। हालांकि, 2008 में आईपीएल के उद्घाटन सत्र में पाकिस्तान के क्रिकेट खिलाड़ियों ने भाग लिया था लेकिन इसके बाद से उन पर बैन है। हाल के वर्षों में, दोनों देशों के बीच खेल संबंधों में और भी गिरावट आई है। क्रिकेट, जो कभी दोनों देशों के बीच संबंध सुधारने का माध्यम माना जाता था, अब राजनीतिक निर्णयों और तनाव के कारण बाधित हो रहा है। आईपीएल में भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों के न खेलने का मुद्दा अक्सर उठता रहता है। कई विशेषज्ञ मानते हैं कि खेल, विशेषकर क्रिकेट, दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर द्विपक्षीय क्रिकेट टीम के मुकाबले हो रहे हैं। खेल में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सम्मान और मित्रता का भी संदेश होता है। अगर दोनों देश खेल संबंधों को मजबूत करते हैं, तो यह दोनों देशों के बीच विश्वास बहाल करने में मदद कर सकता है। राजनीति, सुरक्षा चिंताएं और ऐतिहासिक तनाव हमेशा से इन संबंधों पर भारी पड़े हैं। इसके बावजूद, खेलों ने हमेशा दोनों देशों के लोगों के बीच एकजुटता और साझा प्रेम का एक पुल बनाने का प्रयास किया है। यदि दोनों देश खेल को एक कूटनीतिक साधन के रूप में इस्तेमाल करें, तो शायद दोनों के बीच की दूरियां कुछ हद तक कम हो सकें। इन दूरियों को कम करने में नीरज और नदीम की दोस्ती की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।



**– साभार**

समय से बड़ा गुरु और
सब्र से बड़ा निवेश कुछ
नही होता...!!!
समय और सब्र को दोनों
को समय दीजिए फिर
कुछ वक्त बाद जीवन में
चल रहे तमाशे का आप
स्वयं आनंद लीजिएगा..।।

## निशाना


### है फैला आक्रोश !

ना रुकती दरिंदगी ।
है फैला आक्रोश ।।
बड़ी वारदात ये ।
है बड़ा अफ़सोस ।।
बड़ी बड़ी बातें ।
और केवल तकरार ।।
लगता सारा तंत्र ।
हुआ बिन आधार ।।
धरना और प्रदर्शन ।
जारी है हड़ताल ।।
मिला नहीं यदि न्याय ।
तय मचना बवाल ।।
बस केवल आश्वासन से ।
नहीं है चलता काम ।।
हर तरफ ये हाल ।
लें किस किस का नाम ।।



**- कृष्णेन्द्र राय**

## 'एम्फिबियस' कारों की रंगारंग परेड



एम्सटर्डम की नहरों में हाल ही 'एम्फिबियस' कारों की रंगारंग परेड निकाली गई। 1987 में इस वार्षिक परेड की शुरुआत हुई थी। 'एम्फिबियस' कारें यानी जो सड़कों पर और पानी में समान रूप से चलाई जा सकें। शहर में यह आयोजन आखिरी बार इसलिए, क्योंकि इलेक्ट्रिक बैटरियों के वजन के कारण 'एम्फिबियस' कारों का संचालन मानकों के अनुकूल नहीं माना जा रहा है। 2025 से शहर के जलमार्गों में केवल उत्सर्जन-मुक्त जहाजों और वाहनों का संचालन ही संभव होगा। परेड के आयोजक डचमैन रॉय बोलक्स के अनुसार, एम्सटर्डम प्रशासन जल्द ही नए नियम लागू करने जा रहा है।

# हर घर तिरंगा के लिए चलाया गया जन जागरुकता अभियान




**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका परिषद के द्वारा शासन के निर्देशानुसार 9 से 15 तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें कन्या हाई स्कूल में सभी छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं रैली,सेल्फी प्वाइंट, फ्लेक्स के माध्यम से हर घर तिरंगा लगाने के लिए जागरूक किया गया साथ ही तिरंगा संहिता का पालन करने के बारे में जानकारियां दी गई। नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक डॉक्टर प्रशांत कुमार शर्मा,सचिन मलैया,अनूप पवार एवं कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य श्याम सिंह रघुवंशी, शिक्षिका नेहा लोवंशी रश्मि पुरोहित संगीता पुरोहित ज्योति गौर कीर्ति यदुवंशी अर्चना सोनिया कल्पना प्रजापति निधि जैन,सुधा सोनी नेहा यदुवंशी,अनीता उइके, अनीता अमोदा शिक्षक नारायण रघुवंशी के साथ-साथ छात्राएं उपस्थित रही नपा अध्यक्ष रितेश जैन ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि हर घर तिरंगा अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपने घर पर शान से तिरंगा फहराएं और आजादी का पर्व मनाएं।



## कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल का लिया जायजा

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

रायसेन जिले में 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। रायसेन में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह सागर रोड स्थित होमगार्ड परेड मैदान पर आयोजित होगा।



कलेक्टर श्री अरविंद दुबे की उपस्थिति में मंगलवार को होमगार्ड परेड मैदान पर स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह की प्रारंभिक तैयारियों से लेकर अंतिम चरणों तक होने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रमों की रूपरेखा देखी तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार, एसडीएम श्री मुकेश सिंह भी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कवियों को किया सम्मानित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

तारण तरण युवा परिषद् बीना एवं नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम (होशंगाबाद) व्दारा आयोजित तुलसी जंयती पर अ।भा।मंचीय कवि अधिवेशन एंव सम्मान समारोह में देश के मौलिक स्थापित 70 कवियों की गरिमामयी उपस्थिति से अधिवेशन ऐतिहासिक बन गया। इस सुअवसर पर पंचायत एंव ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल एंव संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी,बीना विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे, सागर भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया,वरिष्ठ छंदकार गुरु सक्सेना,सुरेंद्र यादवेंद्र,दिनेश दिग्गज,कौशल सक्सेना,दिनेश देहाती,संतोष शर्मा,पंकज अंगार, डाँ।अशोक आजाद, कुमार नितेश नैश,सहित देश के विभिन्न राज्यो के कवि,कवयित्री उपस्थित रहे। सम्मान समारोह सत्र में मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास एवं पंचायती मंत्री प्रह्लाद पटेल के कर कमलों द्वारा सभी कवियों को सम्मानित किया गया। आयोजकों द्वारा 9 कवि सम्मेलन,एक ही दिन, एक समय में, एक ही शहर में, अलग अलग स्थानों पर आयोजित करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया। 10 - 11 अगस्त में हुए बीना नगर के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन को वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया। प्रसिद्ध हास्य कवि सुनील समैया,तारण तरण युवा परिषद की मेहनत,लगन का परिणाम एंव कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले केप्टिन करैया संस्थापक नर्मदा आव्हन सेवा समिति नर्मदापुरम के सहयोग से तथा कवि कुल के वरिष्ठ कवियों का मार्गदर्शन और सभी उपस्थित कवियों के योगदान से यह इतिहास लिखा गया है।

# पुलिस बल नर्मदापुरम द्वारा पुलिस बैंड के साथ निकाली गई पैदल तिरंगा रैली

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** आजादी के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान एवं आजादी के रंग खाकी के संग अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त मंगलवार को नर्मदापुरम पुलिस द्वारा पुलिस बैंड के साथ संयुक्त रुप से जिला नर्मदापुरम में तिरंगा यात्रा निकाली गई। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में हर घर तिरंगा अभियान 09 से 15 अगस्त 2024 की अवधि में पूरे उत्साह से मनाया जा रहा है।



13 अगस्त मंगलवार को पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में जिला पुलिस बल नर्मदापुरम द्वारा पुलिस बैंड के साथ रैली, हाथो मे तिरंगा लेकर आमजन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नर्मदापुरम शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहो से पुलिस अधिकारियो और कर्मचारियो ने पैदल तिरंगा रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से नर्मदापुरम पुलिस की लोगो से अपील है कि हर घर तिरंगा अभियान से जुडकर सभी अपने- अपने घरों पर तिरंगा फहराये। तिरंगा यात्रा अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. गुरकरन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, रक्षित निरीक्षक श्रीमति स्नेहा चंदेल, एन।सी।सी। केडेट्स, स्कूल के बच्चे होमगार्ड बल तथा जिला पुलिस बल के अधिकारी/ कर्मचारी शामिल रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली जागरुकता रैली

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के विद्यार्थियों द्वारा लोगों को जागरूक करने हेतु हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन रैली निकाल कर किया। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गो से निकलकर सरदार वल्लभभाई पटेल परिसर में पहुंची यहाँ छात्राओं एवं समस्त प्राध्यापकों द्वारा सरदार पटेल को नमन किया गया। रैली में छात्राओं द्वारा देश भक्ति के नारे लगाए गए।इस दौरान शहर के आम नागरिकों में भी देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ।आर। एस। मेहरा ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को स्वाधीनता



सेनानियों के अमर बलिदानी से अवगत कराना है, जिससे नागरिकों को ध्वज से व्यक्तिगत रूप से जुड़ने में मदद मिलेगी बल्कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान भी बढ़ेगा। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ। संजय आर्य ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है, इससे सभी छात्राओं एवं लोगों में नई ऊर्जा का विकास होगा जिससे लोगों में देशभक्ति की भावना पैदा होगी। इस अवसर पर डॉ। हरप्रीत रंधावा, स्नेहांशु सिंह, श्रीमती पूनम साहू, डॉ। हर्षा शर्मा, डॉ। संजय आर्य, रविन्द्र कुमार चौरसिया, डॉ। शिखा गुप्ता, डॉ। श्रद्धा जैन, डॉ। नेहा सिकरवार, श्रीमती शोभा मीना, कु. तरुणा तिवारी, कु। प्रिया कलोसिया, कु. क्षमा वर्मा, कु. करिश्मा कश्यप, एवं छात्राएं उपस्थित थी।

## जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का किया गया निराकरण

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अल्का सिंह तथा श्रीमती सरोज अग्निवंशी द्वारा नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 59 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश आर्थिक सहायता, पीएम आवास, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, विद्युत बिल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि से संबंधित थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

नगर के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर लकड़गंज में नर्मदा अंचल के जाने-माने कथाकार पंडित सुमितानंद के द्वारा संगीत मय सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सुमितानंद महाराज बोर तलाई निवासी हैं। श्री राम कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा ,शिव पुराण, देवी पुराण की कथा में उन्हें महारत हासिल है। आज उन्होंने अपने संगीतकारों के साथ गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। ज्ञात हो कि श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में 5 अगस्त से निरंतर श्री पार्थिव ज्योतिर्लिंग पूजन एवं रुद्राभिषेक का धार्मिक आयोजन चल रहा है । इस श्रृंखला में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित सत्येंद्र पांडे ने सुमिता नंद एवं कलाकार साथियों का पुष्पहार से स्वागत किया।

**मेट्रो एंकर** — जनसुनवाई में 110 आवेदनों पर हुई जनसुनवाई

# जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से करें निराकरण: कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार 13 अगस्त को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई जनसुनवाई में कुल 110 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, एसडीएम नीता कोरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही नर्मदापुरम जिले की तीनों तहसीलों में भी तहसील स्तरीय जनसुनवाई भी आयोजित की गई। तहसील स्तरीय जनसुनवाई में सिवनीमालवा में 13, डोलरिया में 02, माखन नगर में 00 एवं बनखेड़ी में 08 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण किया गया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नर्मदापुरम के तहसील इटारसी के सनखेडा नाका के समस्त वार्ड वासियों ने सनखेडा नाका स्थित नाले को नवीन कॉलोनी निर्माण हेतु बंद किया गया है जिसे पुन~सुचारू रूप से चालू करने के लिए आवेदन देने पहुंचे। इसी तरह से सोहागपुर के लाल जी अहिरवार ने बताया प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन किया था प्रथम सूची में उनका नाम दूसरी सूची में नगर पालिका सोहागपुर द्वारा मेरा आवेदन निरस्त कर दिया। जिसके लिए जनसुवाई में आवेदन देने पहुंचा। इसी प्रकार सोहागपुर की 70 वर्षीय ताराबाई मकान निर्माण हेतु आर्थिक सहायता के लिए आवेदन देने पहुंची। जनसुनवाई में ग्राम मेहरागांव तहसील इटारसी की रहनी वाली भारती बरखने ने बताया कि उनके पति का स्वर्गवास 13 सितम्बर 2023 को हुआ था। मृत्यु के बाद



सबंल कार्ड से मिलने वाली राशि भी अभी तक नहीं मिली है। तहसील इटारसी ग्राम मालनी की सुनीता ने विस्थापन का लाभ दिलवाने के संबंध में आवेदन दिया।

नर्मदापुरम के गोलू सैनी ने अपनी दुकान के सामने से अतिक्रमण हटाने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। इसी तरह से ही नर्मदापुरम के शिव विहार कॉलोनी के रहवासियों ने कॉलोनी का रास्ता ठीक कराने के लिए आवेदन दिया। नर्मदापुरम के ग्वालटोली निवासी राजेश यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त दिलवाने के लिए आवेदन देने पहुंचे। इसी प्रकार नर्मदापुरम की रजनी सिंह श्रोती ने अतिथि शिक्षक वर्ग 3 कम्प्यूटर शिक्षक पद से नियम विरुद्ध हटाने से जनसुनवाई में आवेदन देने पहुंची। नर्मदापुरम के ग्राम सांवलखेडा निवासी मनोज कुमार रघुवंशी ने गेंहू की फसल का भुगतान न मिलने के संबंध में आवेदन दिया। इसी तरह नारायण नगर निवासी लीलाधर राव ने बताया उनके दो बच्चों जो स्प्रिंगडेल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल नर्मदापुरम में पढ़ते है स्कूल द्वारा बच्चों की टी।सी। ना मिलने के संबंध में आवेदन देने पहुंचे। नर्मदापुरम के घासीराम मालवीय ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ना मिलने के संबंध में आवेदन दिया।

ग्राम चीलाचोन विकासखंड माखन नगर के कृषकगणों ने मूंग तुलाई की राशि का भुगतान एक माह उपरांत भी नहीं मिलने के संबंध में आवेदन दिया। इसी तरह से अनेक लोगों ने जनसुनवाई में अपने आवेदन देकर समस्या का निराकरण करने का अनुरोध किया। कलेक्टर सोनिया मीना ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का अद्यतन अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं का समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए।

## वार्ड 18 में सड़क, 11 में नाली और 20 में पुलिया निर्माण का किया निरीक्षण



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सोमवार को शहर में तीन वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड 18 में पार्षद प्रतिनिधि हन्नू बंजारा के साथ यहां बन रही सडक का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां वार्ड की जनता से कहा कि वे निर्माण कार्य को देखें और कहीं कुछ कमी दिखे तो वे उन्हें शिकायत करें। इसके अलावा वार्ड 11 में पार्षद अमित विश्वास के साथ अभी बनी नाली का निरीक्षण किया। इसी तरह वार्ड में बनी पुलिया निर्माण को जाकर देखा। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने तीनों ही स्थानों पर नागरिकों से कहा कि वे सभी अपने अपने एरिया में होने वाले सरकारी निर्माण का निरीक्षण करें और जहां गुणवत्ता की कमी नजर आए, वहां उन्हें शिकायत दर्ज कराएं।







## तिरंगे की शान में सड़कों पर उतरे बच्चे, अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि

**आजादी के जश्न में डूबा देश प्रेमी**

# आन-बान-शान से निकाली तिरंगा यात्रा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विकासखंड के मुखिया हर्षल चौधरी के नेतृत्व में प्रशासन ने मंगलवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर यह तिरंगा यात्रा निकल गई। यहां जिले में सबसे बड़ी तिरंगा यात्रा थी जिसमें 1200 के करीब स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी भी हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे डीजे की धुन पर बज रहे देशभक्ति से उत्प्रोत गीतों से पूरा माहौल आजादी के जश्न में डूबा हुआ नजर आ रहा था। विद्यार्थियों , प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधि गंणमनय नागरिक भी देशभक्ति की भावना होकर तिरंगा रैली में शामिल हुए 1 बजे के बाद उमस भरी गर्मी में सीएम राइज विद्यालय से शुरू हुई जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई कृषि उपज मंडी प्रांगण में पहुँचकर सम्पन्न हुई।

**हाथों में तिरंगा आजादी का जश्न** – रैली में शामिल सभी लोग देश प्रेम की भावना में मस्त होकर तिरंगे की शान में हाथों में लहराते हुए तिरंगा ध्वज ओर केसरिया पगड़ी पहनकर डीजे पर बज रहे देशभक्ति के गीतों के साथ देशभक्ति नारे लगाते हुए चल रहे छात्रों ओर वरिष्ठ नागरिकों ने तिरंगा यात्रा के माध्यम से नगरवासियों को राष्टीय पर्व स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाए जाने का संदेश दिया। रैली में एक जीप पर भारत माता का चित्र भी सजाया गया था। हाई स्कूल विद्यालय परिसर से प्रारम्भ होने के उपरांत यह तिरंगा यात्रा कठाली बाजार, चांदनी चौक, कोर्ट गेट, पुराना बस स्टैंड, नगरपालिका परिसर, हफिज याकूब बसस्टैंड होती हुई मंडी प्रांगण में पहुँची। यहाँ समापन पार्षद प्रतिनिधि सचिन





शर्मा ने रैली में शामिल उपस्थित बच्चों को आजादी के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि देश प्रदेश की राष्ट्रवादी सरकार के आव्हान पर यह तिरंगा यात्रा इसलिए आयोजित की जा रही है यह हमारी आने वाली पीढ़ी और प्रत्येक नागरिक को आजादी के महत्व को पहचाने ओर इसे राष्ट्रीय त्यौहार के रूप में उत्साह उल्लास के साथ मनाये। वहीं एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि प्रत्येक विकासखंड में यह यात्राएँ आयोजित की जा रही है उसी श्रृंखला में आज हमनें यह यात्रा निकालकर सभी से आग्रह किया है कि 15 अगस्त के दिन अपने घर प्रतिष्ठान पर तिरंगा झंडा अवश्य फहराए। यह पर्व किसी जाति,समाज से ऊपर उठकर प्रत्येक भारतीय नागरिक का पर्व है साथ उन्होंने कहा कि गर्मी होने के बाद भी इतने उत्साह के साथ और बड़ी संख्या में लोग तिरंग यात्रा में शामिल हुए हैं संभवत यहां जिले की सबसे बड़ी रैली है और सभी लोग इतने कम समय में इतनी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए स्कूल के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया देश के प्रति अपनी भावनाएं भी इस तिरंग यात्रा के माध्यम से प्रकट की ।

**नगर पालिका नहीं कर पाई पानी का इंतजाम** – नगर पालिका परिषद के द्वारा तिरंगा यात्रा की जानकारी होने के बाद भी बच्चों और तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों के लिए रास्ते में कहीं भी पानी की व्यवस्था नहीं कर पाई इस वजह से सभी लोगों को पानी नहीं मिलने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा गर्मी अधिक होने के कारण परेशानी हुई थी लंबी तिरंग यात्रा होने से विद्यार्थियों को जरूर परेशानी हुई यह सब परेशानी मुख्य नगर पालिक अधिकारी की अनदेखी के कारण हुई तिरंगा यात्रा में पानी की व्यवस्था नहीं हुई जबकि एसडीएम ने पहले से ही नगर पालिका को व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, एसडीओपी उमेश तिवारी, जनपद सीईओ वंदना शर्मा, बीईओ उमेश सोनी, बीआरसी ओमप्रकाश रघुवंशी पीडब्ल्यूडी एसडीओ अरविंद पाठक पीएचई एसडीओ जसवंत सिंह सिरोही , बालमुकुंद कुशवाह जयनारायण सेन, संजू सोनी, बलजीत यादव, धर्मेंद्र जैन संजीव माथुर आदि मौजूद थे।

**डाक विभाग ने भी निकाली तिरंगा यात्रा** – मंगलवार को भारतीय डाक विभाग के द्वारा भी पोस्ट ऑफिस से लेकर मुख्य बाजार में तिरंगा यात्रा आयोजन किया गया। उप डाकपाल अधिकारी राजेंद्र खोडके ने बताया कि देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर तिरंगा यात्रा निकाली और उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने-अपने घरों कार्यालयों दुकानों में तिरंगा आवश्यक रूप से लगाए।

**भव्य तिरंगा रैली में नवागत कलेक्टर रौशन कुमार सिंह भी शामिल हुए** – कलेक्टरने अपने हाथ में तिरंगा लेकर खेल स्टेडियम परिसर से नीमताल गांधी चौक समापन स्थल तक सहभागिता की। साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, शहर के नागरिकों, अधिकारी, कर्मचारी, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर की छात्राओं, स्कूली विद्यार्थियों, एनसीसी छात्र-छात्राएं पुलिस कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं सहित अन्य भी तिरंगा रैली में शामिल हुए। जिला खेल स्टेडियम परिसर विदिशा से प्रारंभ हुई।

# केवाईसी में लापरवाही करने पर 8 पटवारियों को एसडीएम ने थमाया नोटिस




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सरकार के द्वारा राजस्व महा अभियान 2 तथा सभी किसानों के खसरे नंबरों को समग्र आईडी से लिंक करने के लिए केवाईसी अभियान प्रारंभ किया गया है ।इस अभियान के तहत प्रत्येक हल्का पटवारी को कैंप लगाकर किसानों के खातों को लिंक करना है ।इस काम में आठ पटवारी के द्वारा प्रगति के साथ काम नहीं किया जा रहा है इस वजह से एसडीएम हर्षल चौधरी ने मुकेश कुमार ,नितेश चौरसिया ,राजपाल यादव, अंबुज श्रीवास्तव माखन पटेल ,चरण सिंह साध्य तथा योगेश अहिरवार को नोटिस जारी करके इस अभियान के तहत तीन दिनों के अंदर अपने-अपने हल्को के सभी किसानों के खसरे नंबरों को तेज गति से खातों से लिंक करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें प्रगति रिपोर्ट नहीं मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि सरकार के द्वारा अधिकांश योजनाओं को ऑनलाइन माध्यम से ही प्रदान किया जा रहा है। साथ ही किसानों को शासन की योजना का लाभ निरंतर मिले इस उद्देश्य को लेकर कार्य करवाया जा रहा है इसीलिए जितने भी किसान है उन सभी के खसरे नंबरों को समग्र आईडी से लिंक किया जा रहा है। इस काम को किसान स्वयं भी कर सकते हैं हल्का पटवारी पंचायत सचिव ,रोजगार सहायक के साथ ऑनलाइन सेंटर पर पहुंचकर भी अपने खसरा नंबरों को समग्र आईडी से कृषक बंधु ऑनलाइन कर लें जिससे कि शासन की किसी भी योजना के लाभ से वहां वंचित न रह सके उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि समय सीमा में अपने-अपने खसरे नंबरों को लिंक कर ले।

# आंगनबाड़ी के निरीक्षण में एसडीएम को मिली गंभीर लापरवाही: एक्शन

## नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बिगत दिनों एसडीएम ने वार्ड क्रमांक 21(ब) आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया था आंगनवाड़ी कार्यकर्ता में अनुपस्थित मिली थी बच्चों उपस्थिति नहीं मिली थी तथा, एक्सपायर डेट के दवाईयां संधारित होने पर एसडीएम ने कारण बताओ नोटिस दिया गया था।

नोटिस के जवाब संतुष्टिजनक नहीं पाये जाने पर संबंधितों पर कार्रवाई के लिए एसडीएम ने सीडीपीओ के संबंधित कार्यकर्ता के विरुद्ध कार्यवाही हेतु लिखा गया है। उल्लेखनीय है की संबंधित कार्यकर्ता विगत 3 माह से लगातार अनुपस्थित थे परंतु मोबाइल ऐप में प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करवा रही थी जो नियमविरुद्ध है। एसडीएम के निरीक्षण में भी अनुपस्थित मिली खाना भी पड़ोस के घर में दिया जा रहा था बच्चे भी नहीं आ रहे थे केंद्र में



एक्सपायरी डेट की दवाई भी पाई गई थी इसके बाद एसडीएम ने नोटिस देकर जवाब मांगा था। इस मामले को हमारे संवाददाता ने भी इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

**मेट्रो एंकर** विभागीय गतिविधियों के लिए जिलाधिकारी जिम्मेदार, विभाग से संबंधित सूचनाएं बताएं

# शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में मानवीय संवेदनाओं का ध्यान रखा जाएं: कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नवागत कलेक्टर रौशन कुमार सिंह मंगलवार को जिलाधिकारियों से अनौपचारिक परिचय प्राप्ति के दौरान स्पष्ट निर्देशित किया है कि शासन की जनकल्याणकारी हितैषी योजनाएं खासकर स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं के क्रियान्वयन में मानवीय संवेदनाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सह अधीक्षक सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को स्पष्ट सचेत करते हुए कहा है कि हितग्राहियों को समय पर एम्बुलेंस मिलें खासकर डिलेवरी, दुर्घटनाग्रस्त व मृतको को उनके घर तक पहुंचाने के मामले में किसी भी प्रकार की चूक किसी भी स्तर पर नहीं होना चाहिए।

कलेक्टर ने कहा कि विभाग के किसी भी स्तर पर कोई भी चूक संज्ञान में आती है तो उसके लिए संबंधित विभाग का जिलाधिकारी का उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। अतः सभी विभागो के जिलाधिकारियों को यह नैतिक दायित्व है कि सूचना तंत्र उन्नत करें। उन्होंने विभागीय गतिविधियां, सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्मो के माध्यम से संज्ञान में आने से पहले विभागीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से फोन कर वाट्सएप के माध्यम से सीधे कलेक्टर को सूचित करेंगे। उन्होंने कहा कि अखबारो, सोशल मीडिया पर यदि विभाग से संबंधित कोई खबर प्रचलित है तो वह सही है या गलत इन तथ्यों पर आधारित समुचित जानकारी



अविलम्ब जनसम्पर्क विभाग को उपलब्ध कराएंगे ताकि खबर का फेक्ट चेक प्रक्रिया से अवगत हो सकें। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से सामान्य परिचय के दौरान विभागीय प्रमुख कार्य उनकी अद्यतन स्थिति के संबंध में संक्षिप्त जानकारियां प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि विदिशा जिला हरेक मामले में खासकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, हितलाभ से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों तथा समस्याओं के निदान हेतु चिन्हित प्लेटफार्मो पर विदिशा की ख्याति अव्वल रहें ऐसे प्रबंध हरेक विभाग के जिलाधिकारी अपने स्तर पर कराया जाना सुनिश्चित करेगे। उन्होंने विभागो के अधिकारियों से कहा कि वे इस बात का इंतजार कदापि ना करें कि कलेक्टर उन्हें निर्देशित करें तो वे निराकरण संबंधी कार्यो की हलचल प्रक्रिया करें। यदि कहीं किसी भी विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार से कोताही परलिक्षित होती है तो सबसे पहले जिलाधिकारी को दंडित किया जाएगा।

कहीं कोई तकलीफ होती है तो सीधे संवाद करें खासकर उस समस्या का समाधान किस स्तर पर किया जाना है का आंकलन स्वंय करें ओर संबंधित को सूचित अनिवार्य रूप से करें साथ ही निराकरण में विलम्बता होने पर उल्लेखित के सतत सम्पर्क में रहें। वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी एसडीएमो से भी संवाद कर उन्हें अपने स्तर पर ऐसी प्रक्रिया अपनाने हेतु ताकिद किया है जिससे आवेदको को जिला मुख्यालय की और आने की आवश्यकता ना पडें। उन्होंने सभी एसडीएमो से कहा है कि समीक्षा बैठको के साथ-साथ अद्यतन धरातलीय स्थिति क्या है पर भी नजर रखें। कलेक्टर ने कहा कि अपडेट स्वंय रहें और दूसरो को करें। अखबार में प्रकाशित होने वाली जानकारियों की वस्तु तथ्य स्थिति की जानकारी अविलम्ब प्राप्त करें। उन्होंने मीडिया से संवाद के दौरान अद्यतन जानकारियां सांझा करने पर बल दिया है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर के अलावा संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समेत विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहें।

# जनसुनवाई में अनुपस्थित 19 अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नवागत कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जनसुनवाई कार्यक्रम में अनुपस्थित 19 विभागो के जिलाधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी किए है। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागो के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्वंय जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित हो। अपरिहार्य विशेष परिस्थितियों में किस अधिकारी को जनसुनवाई कार्यक्रम में भेजा जा रहा है का अधिकार पत्र जारी करें साथ ही विभागीय तमाम योजनाओं की जानकारियों से संबंधित अधिकारी अपडेट रहें। कलेक्टर श्री रौशन सिंह ने आज अपनी पहली जनसुनवाई कार्यक्रम में अनुपस्थित 19 जिलाधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी किए गए है उनमें पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवाएं के कार्यपालन यंत्री, सम्राट अशोक सागर परियोजना के कार्यपालन यंत्री, प्रधानमंत्री सडक विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, श्रमपदाधिकारी, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण यंत्री, सहकारी संस्थाएं के उप पंजीयक, अन्य पिछडा वर्ग कल्याण के सहायक संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के महाप्रबंधक, जिला आयुष अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विदिशा, मुख्य कार्यपालन यंत्री जनपद पंचायत जिला योजना अधिकारी शामिल है।

# ग्वालियर को 14 साल बाद इंटरनेशनल मैच की मेजबानी, यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहला टी-20 मैच होगा

**बीसीसीआई ने होम सीजन में बदलाव किया**

**मुंबई. एजेंसी**

बीसीसीआई ने 2024-25 के होम कैलेंडर में बदलाव किया है। बोर्ड ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। इससे पहले 20 जून 2024 को भारतीय टीम का होम कैलेंडर जारी किया गया था। नए शेड्यूल के अनुसार, ग्वालियर को भारत-बांग्लादेश सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले की मेजबानी दी गई है। यह मुकाबला नवनिर्मित माधव राव सिंधिया स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले यह मैच धर्मशाला में खेला जाना था, लेकिन धर्मशाला में ड्रेसिंग रूम रेनोवेशन के कारण मैच शिफ्ट किया गया है। ग्वालियर में 14 साल बाद इंटरनेशनल क्रिकेट मैच खेला जाएगा। इससे पहले 2010 में खेले गए वनडे मुकाबले में सचिन तेंदुलकर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ करियर का पहला दोहरा शतक जमाया था।

### क्यों बदला शेड्यूल?

धर्मशाला के स्टेडियम के ड्रेसिंग रूम का रेनोवेशन चल रहा है। ऐसे में धर्मशाला का मैच ग्वालियर शिफ्ट किया गया है, जबकि दूसरा बदलाव कोलकाता पुलिस के कहने पर किया गया है, क्योंकि कोलकाता पुलिस और बंगाल एसोसिएशन ने गणतंत्र दिवस के कारण मुकाबला दूसरे वेन्यू पर कराने के लिए कहा था।

### सूर्यकुमार कर सकते हैं भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी

बांग्लादेश और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम की कप्तानी कर सकते हैं। उन्हें पिछले महीने भारतीय टी-20 टीम का नया कप्तान बनाया गया था। सूर्या की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 से जीत हासिल की थी।



टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।

# दलीप ट्रॉफी खेलेंगे गिल, राहुल, अक्षर और जडेजा, जसप्रीत बुमराह को आराम

## रोहित-कोहली का फैसला उन्हीं पर छोड़ा; 5 सितंबर से टूर्नामेंट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बीसीसीआई की सीनियर सिलेक्शन कमेटी दलीप ट्रॉफी के लिए टीम चुनेगी। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के ध्यान में रखते हुए सीनियर सिलेक्शन कमेटी चाहती है कि सभी खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहें। दलीप ट्रॉफी की शुरुआत 5 सितंबर से हो रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, शुभमन गिल, केएल राहुल, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव और कुलदीप यादव को दलीप ट्रॉफी में खेलने के लिए कहा गया है। टीम तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें आराम दिया गया है। सिलेक्टर्स बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में बुमराह के सिलेक्शन पर भी चर्चा करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि रोहित और कोहली के खेलने और न खेलने का फैसला दोनों क्रिकेटर्स पर छोड़ा गया है।



### ईशान किशन-अय्यर का हो सकता है चयन

सिलेक्शन कमेटी दलीप ट्रॉफी के लिए ईशान किशन को चुन सकती है। खबर के मुताबिक, सिलेक्शन कमेटी चाहती है कि भारतीय टीम में वापसी करने के लिए किशन को रेड बॉल क्रिकेट खेलना होगा। ईशान और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया था। वे पिछले सीजन में सिलेक्शन कमेटी के कहने के बावजूद रणजी ट्रॉफी नहीं खेले थे।

### साउथ जोन मौजूदा चैंपियन

साउथ जोन दिली ट्रॉफी का मौजूदा चैंपियन है। दलीप ट्रॉफी 2023 के फाइनल मुकाबले में साउथ जोन ने वेस्ट जोन को हराया था। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में मैच के पांचवें दिन साउथ जोन ने वेस्ट जोन को 75 रन से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। साउथ जोन नौ साल बाद दलीप ट्रॉफी जीता। इससे पहले, वह 2013-14 में नार्थ जोन के साथ संयुक्त विजेता बना था। साउथ जोन का यह 14वां टाइटल रहा।

### दिलीप ट्रॉफी नए फॉर्मेट में खेली जाएगी

दिलीप ट्रॉफी इस सीजन में नए फॉर्मेट में खेली जाएगी। यह पहले की तरह जोनल फॉर्मेट में आयोजित नहीं होगा। अजीत अगरकर की अगुआई वाला सिलेक्शन पैनल चार टीमों इंडिया ए, इंडिया बी, इंडिया सी और इंडिया डी का चयन करेगा, जो टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

### खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहना होगा

कुछ महीने पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारतीय खिलाड़ियों को वार्निंग दी थी। उन्होंने कहा था कि रोहित, कोहली और बुमराह जैसे टॉप भारतीय क्रिकेटरों को छोड़कर भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट के लिए खुद को उपलब्ध कराना होगा।

**अमांडा और जेसिका में खिताबी भिड़ंत**

# दो अमरीकी खिलाड़ियों के बीच खेला जाएगा फाइनल



**मॉन्ट्रियल. एजेंसी**

अमरीका की अमांडा अनिसिमोवा ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस के महिला एकल फाइनल में प्रवेश किया। 22 वर्षीय अमांडा ने अंतिम-4 में 8वीं वरीय एम्मा नवारो को 6-3, 2-6, 6-2 मात दी। अमांडा टूर्नामेंट में पिछले चार दशकों में सबसे कम रैंक वाली फाइनलिस्ट है। फाइनल में उनका सामना हमवतन और गत चैंपियन 30 वर्षीय जेसिका पेगुला से होगा, जिन्होंने अंतिम-4 में रूस की डायना श्नाइडर को 6-4, 6-3 से हराया। जीत के बाद पेगुला ने कहा कि उन्हें खिताब जीतने का भरोसा है।

### पेगुला का पलड़ा भारी

छठे नंबर पर काबिज जेसिका पेगुला अब तक हुए मुकाबलों में 132वीं नंबर की खिलाड़ी अमांडा पर भारी पड़ी है और खेले गए दोनों ही मुकाबले में जीत दर्ज की है। 2001 के बाद यह पहली बार है जब दो अमरीकी महिला खिलाड़ियों के बीच फाइनल होगा।

## विंडीज ने अथानेज के दम पर टेस्ट मैच ड्रॉ

**पोर्ट ऑफ स्पे, एजेंसी।** एलिक अथानेज (92 रन) के शानदार अर्धशतक से वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मुकाबला ड्रॉ कराया। पहली पारी में 357 रन बनाने वाली दक्षिण अफ्रीका ने विंडीज टीम को 233 रन पर समेटने के बाद पांचवें दिन दूसरी पारी में 3 विकेट पर 173 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। विंडीज को 298 रन का लक्ष्य मिला लेकिन टीम ने 5 विकेट पर 201 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने मैच में कुल आठ विकेट चटकाए।



**मेट्रो बाजार**

# 6 महीने में प्रीमियम इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट की मांग 3 गुना तक बढ़ी

**मुंबई, एजेंसी**

देश में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में प्रीमियम प्रोडक्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है। जनवरी से जून 2024 के दौरान कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में बिक्री से कमाई (वैल्यू) में 11त्र इजाफा हुआ है, जबकि बिक्री के वाल्यूम में सिर्फ 1 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। जनवरी से जून 2024 के दौरान स्मार्टफोन की बिक्री से कमाई में 12त्र का इजाफा देखा गया है, जबकि बीते साल की तुलना में बिक्री में ब?ौतरी नहीं हुई। बिक्री फ्लैट रहने के बावजूद वैल्यू में उछाल बताता है कि प्रीमियम या महंगे प्रोडक्ट की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म जीएफके की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रमुख अप्लायंसेज की बिक्री पिछले साल की तुलना में तीन गुना बढ़ गई। छोटे घरेलू अप्लायंसेज की बिक्री में 29 फीसदी की वृद्धि हुई है। मुख्य वजह किचन अप्लायंसेज की बढ़ती मांग है। कूलिंग प्रोडक्ट सहित प्रमुख घरेलू अप्लायंसेज की बिक्री में 18 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई। एयर कंडीशनर की बिक्री 30 फीसदी और रेफ्रिजरेटर की 7 फीसदी बढ़ी है। इससे पता लगता है कि कंज्यूमर अपने घरों में सुविधाजनक और नए डिवाइस का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। इस साल की पहली छमाही में भारत में करीब 2 लाख करोड़ रुपए की 12.5 करोड़ यूनिट्स की बिक्री हुई। यह बीते साल की तुलना में 3 फीसदी अधिक है। जीएफके की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल की पहली छमाही में कंज्यूमर्स के बीच ज्यादा फीचर वाले प्रीमियम प्रोडक्ट की डिमांड बढ़ी है। उदाहरण के लिए, 256 जीबी से अधिक स्टोरेज वाले स्मार्टफोन की बिक्री में 140त्र की बढ़ोतरी देखने को मिली। गेमिंग लैपटॉप और 9 किलो या उससे अधिक क्षमता वाली वॉशिंग मशीन की बिक्री में 30 फीसदी की ग्रोथ रही। 5 स्टार स्प्लिट इन्वर्टर एसी की बिक्री में 59 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। देश का टीजीसी मार्केट करीब 2 लाख करोड़ रुपए का है। हालांकि, एंट्री लेवल से मिड लेवल में बिक्री घटी है। मोबाइल की ओवरऑल बिक्री 6 फीसदी घट गई, वहीं कीमत के आधार पर 10 फीसदी की ग्रोथ देखने को मिली। लोग प्रीमियम प्रोडक्ट खरीद रहे हैं। रेफ्रिजरेटर्स में साइड-बाय-साइड, फ्रेंच डोर और 3 या 4 डोर सेगमेंट जैसे प्रीमियम मॉडल में 11 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली।



# खुशखबर: बैंकों में धन रखने वालों को ज्यादा ब्याज देने की हो रही तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बैंकों में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) समेत अन्य योजनाओं में पैसा जमा करने वाले लोगों को अब पहले ज्यादा ब्याज मिल सकता है। बैंक अपनी योजनाओं को आकर्षक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। आने वाले कुछ दिनों में देश के प्राइवेट और सरकारी बैंक इसकी घोषणा कर सकते हैं। खासकर छोटी अवधि से जुड़ी योजनाओं को बैंक ज्यादा आकर्षक बनाने जा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान बैंकों में जमा (डिपॉजिट) घटा है और लोन की मांग बढ़ी है। इसका कारण यह है कि अब लोग अपनी बचत को उन जगहों पर ले जा रहे हैं, जहां उन्हें ज्यादा रिटर्न दिखाई दे रहा है। इसलिए केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक की सलाह पर बैंक अब ज्यादा आकर्षक जमा योजनाओं को लाने पर विचार कर रहे हैं। बैंकों को डिपॉजिट जुटाने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि लोग ज्यादा रिटर्न के लिए इक्विटी, म्यूचुअल फंड्स और दूसरे फिजिकल एसेट्स में निवेश कर रहे हैं। टैक्स चुकाने और इनफ्लेशन को एडजस्ट करने के बाद बैंकों से मिलने वाला रिटर्न बहुत कम रह जाता है। लेकिन, डेटा बताते हैं कि बीते कुछ महीनों में डिपॉजिट बढ़ा है।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**




## दीया मिर्जा ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर आवाज की बुलंद, कहा- *हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा*

अभिनेत्री दीया मिर्जा 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा सभा 2047 का हिस्सा बनीं। अभिनेत्री ने बातचीत के दौरान पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया और सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे हानिकारक चीजों के उपयोग से बचने की सलाह दी। अभिनेत्री दीया मिर्जा बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो पर्यावरण को लेकर बहुत ही सजग रहती हैं। अभिनेत्री लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी आवाज बुलंद करती आ रही हैं। वह पर्यावरण और प्रकृति के बचाव के लिए लोगों को हमेशा प्रेरित करते हुए नजर आती हैं। अभिनेत्री संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सद्भावना की एंबेसडर भी हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एडवोकेट दीया मिर्जा बदलाव के लिए हमेशा मुखर होकर बोलती हैं। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन, संरक्षण और पर्यावरण के क्षेत्र में अपने प्रयासों में योगदान दिया है। अभिनेत्री ने 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा सभा 2047 भारत के भविष्य को आकार देने वाले कार्यक्रम में भाग भी लिया। एएनआई से बातचीत में अभिनेत्री ने पर्यावरण के संरक्षण और सकारात्मक बदलाव को लेकर अपने विचार साझा किए। अभिनेत्री ने कहा, 'हम अपने दैनिक जीवन में जो कुछ भी उपयोग करते हैं वह पृथ्वी से आता है और इसे पृथ्वी और लोगों के लिए स्वस्थ रूप और आकार में वापस पृथ्वी पर जाना चाहिए। कुछ दिन पहले, हमने दुनिया को बताया कि हमने उन संसाधनों का उपयोग कर लिया है जो पृथ्वी हमें हर साल प्रदान करती है, इसे 'अर्थ ओवरशूट डे' कहा जाता है। यह अगस्त में हुआ, इस साल के अभी चार महीने और बचे हैं और हम पहले ही अपनी खपत या पृथ्वी द्वारा प्रदान की जाने वाली चीजों को पार कर लिया है। इसका मतलब है कि हम अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों से वह चुरा रहे हैं, जो उन्हें जीने, स्वस्थ रहने और खुश रहने के लिए चाहिए।' अभिनेत्री दीया मिर्जा ने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक को अस्वीकार करने और अपनी जड़ों की ओर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'जब हम व्यक्तिगत रूप से चुनाव करते हैं तो बदलाव होता है। इसलिए सिंगल यूज प्लास्टिक को अस्वीकार करें। साधारण चीजें जिन्हें हम अस्वीकार कर सकते हैं वे हैं बोतलें, कटलरी, क्रॉकरी आदि।

## कबीर से अफेयर को लेकर कृति बोलीं: *मुझे क्लियर करना पड़ता है कि यह सच नहीं है...*



एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। पिछले कुछ समय से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ डेटिंग की खबरें उड़ रहीं हैं। कृति ने कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान डेटिंग की खबरों पर रिएक्शन दी हैं और इसे निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि मुझे बार-बार क्लियर करना पड़ता है कि यह सच नहीं है। कृति सेनन की कबीर बहिया के साथ छुट्टियों की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एक्ट्रेस जल्द ही शादी करने की योजना बना रही हैं। हाल ही में कृति सेनन ने फिल्मफेयर के साथ एक इंटरव्यू में बताया कि वो शादी करने के मूड में नहीं हैं और उन्होंने इन खबरों को बेहद परेशान करने वाला बताया है। कृति सेनन ने कहा जब इस तरह की गलत जानकारी फैलाई जाती है तो इसे सुनकर बहुत गुस्सा आता है। इसका असर परिवार पर पड़ता है। मेरे फ्रेंड मैसेज भेजते हैं कि क्या यह सच है? बार- बार मुझे क्लियर करना पड़ता है कि यह सच नहीं है। बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब कृति सेनन का नाम किसी के साथ जोड़ा जा रहा है। इससे पहले एक्ट्रेस का नाम टाइगर श्रॉफ से लेकर प्रभास तक कई एक्टर्स के साथ जुड़ा है। इस समय चर्चा है कि कृति सेनन यूके बेस्ड बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जुलाई में कबीर बहिया के साथ कृति की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो गई थीं। उन्हें ग्रीस में एक साथ छुट्टियां मनाते देखा गया था।



## 'मुफासा' में सुनाई देगी शाहरुख और उनके बेटों की आवाज

डिज्नी की अपकमिंग फिल्म 'मुफासा- द लॉयन किंग' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने पहली बार अपने दोनों बेटों आर्यन और अबराम के साथ वॉइस ओवर दिया है। यह पहली बार है जब शाहरुख ने किसी प्रोजेक्ट पर अपने दोनों बच्चों के साथ मिलकर काम किया है। यह पहली बार है जब शाहरुख ने किसी प्रोजेक्ट पर अपने दोनों बच्चों के साथ मिलकर काम किया है। फिल्म के हिंदी वर्जन के लिए शाहरुख ने मुफासा के किरदार को आवाज दी है। वहीं उनके बड़े बेटे आर्यन ने सिंबा और छोटे बेटे अबराम ने यंग मुफासा के किरदार को आवाज दी है। फिल्म में खान परिवार के अलावा संजय मिश्रा ने पुम्बा और श्रेयस तलपड़े ने टिमॉन के किरदार को आवाज दी है।

**ट्रेलर में नजर आई मुफासा और स्कार की कहानी:** यह फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई 'द लॉयन किंग' की सीक्वल और प्रीक्वल दोनों है। इसकी कहानी वहीं से आगे बढ़ती है जहां 2019 में रिलीज हुई 'द लॉयन किंग' की कहानी खत्म हुई थी। फिल्म के ट्रेलर में मुफासा का दोस्त रफीकी अब उसके बेटे सिंबा को मुफासा और उसके भाई स्कार की कहानी सुनाता नजर आ रहा है।

**इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी फिल्म:** इससे पहले 2019 में रिलीज हुई 'द लॉयन किंग' खुद 1994 में इसी नाम से बनी फिल्म की रीमेक थी। इस रीमेक में शाहरुख ने मुफासा और आर्यन ने सिंबा के किरदार को आवाज दी थी। बैरी जेनकिंस के निर्देशन में बनी 'मुफासा- द लॉयन किंग' देश में इस साल क्रिसमस पर अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

# कट्टा अड़ाकर ज्वैलरी शॉप से 35 हजार की नगदी और जेवरात लूट ले गए बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भोपाल। बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा आर्केड में मंगलवार रात करीब दस बजे बाइक सवार लुटेरों ने ज्वैलरी शॉप को निशाना बनाते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया। लुटेरे बाइक से पहुंचे और ज्वैलरी शॉप के संचालक के सीने पर कट्टा तानकर नगदी समेत जेवरात लूटकर ले गए। वारदात के बाद बदमाश लहारपुर की तरफ भागे हैं। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

## स्वतंत्रता दिवस के पहले कृष्णा आर्केड में हुई लूट की वारदात

थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि रचना नगर निवासी 51 साल के मनोज चौहान, कृष्णा आर्केड में एसएस ज्वेलर्स नाम से ज्वैलरी शॉप का संचालक करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने नगदी और जेवरात तिजोरी में रख दिए, तभी बाइक सवार दो बदमाश हेलमेट पहनकर दुकान में घुस आए। एक बदमाश ने मनोज के सीने पर कट्टा अड़ाय और जान से मारने की धमकी दी। वह कहने लगा कि जान बचाना चाहते हो तो जो भी नकदी और जेवरात है, वह निकालकर दे दो। इसके बाद बदमाश दुकान से जेवर, चांदी की राखियां और तिजोरी से नकदी निकालकर फरार हो गए।



### विरोध करने पर हाथ पर चाकू मारा

नगदी और जेवरात हाथ लगने के बाद मनोज चौहान ने आरोपियों का विरोध किया तो एक आरोपी ने उनके हाथ पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद दोनों लुटेरे बाइक से लहारपुर की तरफ भाग निकले। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान के सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पुलिस को दो संदिग्ध नजर आए हैं। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लिया है। हुलिए के आधार पर लुटेरों की तलाश की जा रही है। लुटेरे नकदी तो 35 हजार रुपए की ले गए है, लेकिन उनके हाथ कितना जेवरात लगा इसकी जानकारी दुकानदार ने पुलिस को नहीं दी है।

## स्कूटर की डिग्गी से 80 हजार के जेवरात चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहपुरा इलाके में रहने वाली एक महिला की स्कूटर की डिग्गी में रखे करीब 80 हजार रुपए के जेवरात चोरी हो गए। पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार लता फरकले (50) शहीद हेमू कालानी झुग्गीबस्ती में रहती हैं और गृहणी हैं।



पिछले दिनों वह अपना मकान बदल रही थी। इसके लिए लोडिंग वाहन बुलाया था। लता ने बड़ा सामान लोडिंग वाहन में लाद दिया और जेवरातों वाली पोटली अपनी स्कूटर की डिग्गी में रख लिया। कुछ देर बाद उन्होंने देखा तो स्कूटर में रखी जेवरातों वाली पोलीथीन नहीं थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मकान बदलते समय घटनास्थल पर मौजूद रहने वाले लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# छात्र पर तलवार से जानलेवा हमला, सिर में गंभीर चोट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित होशंगाबाद रोड पर विश्वकर्मा नगर झुग्गी के सामने दो बदमाशों ने एक छात्र पर तलवारनुमा चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। परिजन उसे जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मनीष बाइन पिता कृष्णकांत बाइन (20) विश्वकर्मा नगर झुग्गी, गोविंदपुरा में रहता है और कॉलेज में पढ़ता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि दिवाकर भगत उर्फ दिनदिल और अमित मोहल्ले में रहते हैं। दोनों से उसका कोई विवाद नहीं है, लेकिन वह उससे रंजिश रखते हैं। मंगलवार दोपहर मनीष घर से बाहर होशंगाबाद रोड पर दुकान किनारे खड़े होकर मोबाइल पर बातकर रहा था, तभी करीब सवा तीन बजे के आसपास दिवाकर और अमित उसके पास पहुंचे। दोनों पीछे की तरफ हाथ रखकर आए थे। वे कहने लगे कि आजकल तू बहुत तेज चल रहा है। मनीष ने उनसे पूछा कि क्या बात है। इस पर दोनों बदमाशों ने पीछे हाथ में रखे तलवारनुमा चाकू से हमला कर दिया। मनीष ने बचने का प्रयास किया, लेकिन उसके माथे पर तलवारनुमा चाकू लग गया और वह गिर गया। मोहल्ले में पास ही हुए विवाद की जानकारी परिजन और आसपास के लोगों को लगी। परिजन पड़ोसियों के साथ मिलकर मनीष को लेकर जय प्रकाश अस्पताल पहुंचे, वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टर ने आज बुधवार को टेस्ट कराने का कहा है।



## फुटपाथ से बरामद हुआ युवक का शव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** चूनाभट्टी पुलिस ने फुटपाथ से एक युवक की लाश बरामद की। जानकारी के अनुसार पप्पू यादव (30) शाहजहांनाबाद का रहने वाला था और पन्नी बीनने का काम करता था। सोमवार रात 8 बजे मनीषा मार्केट के पास फुटपाथ पर उसका शव मिला। घटना की सूचना मृतक के चचेरे भाई तीरथ ने पुलिस को दी थी। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। इधर मंगलवारा में रहने वाले राजेश साहू की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। उन्हें घर में बेहोश होने के कारण हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



**भोपाल।** रानी कमलावती स्टेशन पर स्वतंत्रता दिवस के पूर्व स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों की चेकिंग करते हुए पुलिस।

## तिरंगा नौका यात्रा निकाली युवाओं ने

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जय हिंद सेना ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बोट क्लब पर तिरंगा नौका यात्रा का आयोजन किया तिरंगा नौका यात्रा में सेना के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पांडे, वीर बहादुर राणा भट्ट, पीयूष रायकवार सुधाकर साल्वे प्रवीण वर्मा मयंक कुडोपो रंजीत पाल सुधाकर साल्वे दीपेंद्र सिंह बघेल तन्मय पुरोहित कुणाल प्रजापति आदि दर्जनों युवा शामिल थे। अध्यक्ष अरुण पांडे ने बताया कि तिरंगा नौका यात्रा निकालकर गगन बेदी नारे लगाकर भारत माता की जय एवं वंदे मातरम का जयकारा उद्घोष किया तिरंगा नौका यात्रा का उद्देश्य ने प्रदेश के युवाओं एवं नागरिकों को राष्ट्रहित में कार्य करने का संदेश दिया।

### भोपाल से छींद धाम जाते समय हुआ हादसा

## रंगला पंजाब ढाबा के संचालक की एक्सीडेंट में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एयरपोर्ट रोड स्थित प्रसिद्ध रंगला पंजाब ढाबा के संचालक की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई। वह अपने भाई और दोस्त के साथ भोपाल से छींद धाम जा रहे थे, तभी कटारा हिल्स इलाके में उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। घटनास्थल पर लगे एक पेड़ से टकराने के कारण संचालक की मौत हो गई, जबकि बाकी दोनों लोगों को चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एसआई वासुदेव सविता ने बताया कि बलविंदर सिंह उर्फ जग्गा (28) शारदा नगर लांबाखेड़ा में रहते थे और एयरपोर्ट रोड पर रंगला पंजाब के नाम से ढाबा चलाते थे। यह ढाबा रातभर खुला रहता है, जहां बड़ी संख्या में युवा वर्ग पहुंचता है। सोमवार-मंगलवार की रात करीब दो बजे बलविंदर सिंह अपने भाई अरविंदर सिंह और दोस्त नितिन जाट के साथ कार से छींद धाम जाने के लिए निकले। कार बलविंदर सिंह चला रहे थे, जबकि बगल वाली सीट पर दोस्त बैठा था। मंगलवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापड़िया जोड़ के आगे सेज यूनिवर्सिटी की तरफ जाते हुए अचानक कार अनियंत्रित होकर करीब 12 फीट गहरी खाई में जा गिरी। पेड़ का ठूंठ लगने से हुई मौत। एसआई सविता ने बताया कि हादसे के समय कार के एयरबैग खुलकर फट गए थे। बलविंदर सिंह का आधा शरीर कार के बाहर निकल गया और बगल में लगे पेड़ के ठूंठ से जाकर टकराया, जिससे उनको गंभीर चोट पहुंची। हादसा होते ही पुलिस स्टॉफ मौके पर पहुंच गया था। तीनों को कार से निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने बलविंदर सिंह को मृत घोषित कर दिया। भाई और दोस्त को कम चोट आई है।



## एम्स के छह सौ रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर, रैली निकाली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एम्स के 600 से अधिक रेजिडेंट डॉक्टर आज भी हड़ताल पर हैं। वे कोलकाता की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और फिर मर्डर के आरोपियों को सख्त सजा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। उनके हड़ताल पर जाने से व्यवस्थाएं न बिगड़े, इसलिए नर्सिंग स्टॉफ ने मोर्चा संभाला है। नर्सिंग स्टॉफ की ओपीडी, ड्रेसिंग और माइनर ऑपरेशन कर रहा है। आज भी रजिडेंट डॉक्टरों ने एम्स कैम्पस में रैली निकाल कर विरोध जताया। कोलकाता स्थित आरजी कार मेडिकल कॉलेज में लेडी डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। ऐसे जघन्य अपराध के खिलाफ और पीड़िता के परिजनों को न्यास दिलाने के लिए रेजिडेंट डॉक्टर यह विरोध कर रहे हैं। उनकी हड़ताल तो एम्स भोपाल नर्सेस एसोसिएशन ने समर्थन किया है, लेकिन वे मरीजों का इलाज भी कर रहे हैं। एम्स भोपाल में रेजिडेंट डॉक्टर मंगलवार को भी हड़ताल पर चले गए थे। इसके चलते नर्सिंग स्टॉफ ने मोर्चा संभाला और ओपीडी, ड्रेसिंग रूम और माइनर ऑपरेशन थिएटरों में अकेले ही मरीजों का इलाज किया। ताकि, मरीजों को परेशानी न हो। कुछ जगह तो नर्सिंग स्टॉफ शाम 5 बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद भी 7 बजे तक मरीजों को देखता रहा।



**मेट्रो एंकर** पत्नी की मौत के चार दिन बाद देर रात पीया था टायलेट क्लीनर

# पत्नी ने की आत्महत्या, दुखी होकर चार दिन बाद पति ने पीया टॉयलेट क्लीनर, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित झील नगर में एक युवक ने टायलेट क्लीनर पीकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात पता चला कि 4 अगस्त को उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। पत्नी की आत्महत्या से वह दुखी था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। रवि जाटव पिता मायराम जाटव (35) झील नगर अयोध्या नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 8 अगस्त की देर रात करीब 1 बजे के आसपास उसने टायलेट क्लीनर पी लिया। परिजन उसे लेकर आयोध्या बायपास स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान कल मंगलवार रात साढ़े 9 बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।


## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मिसरोद इलाके में सोमवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। उसने खुदकुशी की अथवा हादसे का शिकार हुआ, इसका खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस के मुताबिक विशाल बंसल (18) गांधी मोहल्ला मिसरोद में रहता था। उसके परिजन मजदूरी करते हैं। सोमवार सुबह करीब आठ बजे मिसरोद रेलवे स्टेशन मास्टर ने सूचना दी कि रेलवे लाइन के पास किसी व्यक्ति की लाश पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पटरी से क्षत-विक्षत शव बरामद किया। आसपास पूछताछ करने पर मृतक की पहचान विशाल बंसल के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने बताया कि सुबह उसे काम धंधा करने की बात कही गई थी। कुछ देर बाद रेलवे पटरी पर शव मिला।

## 3-4 अगस्त की देर रात पत्नी ने लगाई थी फांसी

पुलिस ने बताया कि 3-4 अगस्त की देर रात रवि की पत्नी लक्ष्मी जाटव (24) घर में फांसी लगा ली थी। रवि और लक्ष्मी की ढाई साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। दोनों ने आर्य समाज मंदिर से शादी की थी। लक्ष्मी के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला था। दंपती यहां अकेले रहते थे, लेकिन लक्ष्मी की मौत के बाद परिजन और रिश्तेदार आए हुए थे। गत 8 अगस्त की देर रात रवि ने टायलेट क्लीनर पी लिया।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022